नई दिल्ली
मंगलवार
30 अप्रैल, 2024
वर्ष: 10, अंक: 238
पृष्ठ: 08, मूल्य 2 रु०
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# सद्भावना टुडे

आवाज़ अधिकार की

DELHIN/2014/58158



पोरबंदर के निकट नाव से 60.5 करोड़ रुपये की...पेज-08

हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक...पेज-05

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

# कांग्रेस एक बार फिर देश की सत्ता पर कब्जा करने का सपना देख रही है: मोदी

## पश्चिमी महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा



**सोलापुर,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडिया समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह (इंडिया समूह) सत्ता में आए, तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा, एक तरफ मोदी है, जिसका 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडिया समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर एक जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग पांच साल, पांच प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लेकर आए हैं। उन्होंने सवाल किया, आपने नकली शिव सेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश पांच साल, पांच प्रधानमंत्री जैसे फॉर्मूले से चल सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस चुनाव में आपको अगले पांच वर्षों के लिए विकास की गारंटी या 2014 से पहले देश को कथित तौर पर भ्रष्टाचार, आतंकवाद और कुशासन की खाई में धकेलने वालों के बीच चयन करना होगा। उन्होंने कहा कि अपने कथित दागी इतिहास के बावजूद कांग्रेस एक बार फिर देश की सत्ता पर कब्जा करने का सपना देख रही है।

उन्होंने दावा किया, देश में अपने 60 साल के शासन में कांग्रेस ने लगातार अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एससी, एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों के हर अधिकार में अडचन डालने का प्रयास किया, लेकिन मोदी जी का आपसे जुड़ाव दिल से है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा, हमने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। चिकित्सा की परीक्षाओं में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू किया गया है। गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में हमने मराठी जैसी भारतीय भाषाओं का विकल्प दिया, ताकि गरीब, एससी/एसटी/ओबीसी युवाओं के सपने भी पूरे हो सकें। उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, जिस तरह से कांग्रेस ने दशकों तक एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों को धोखा दिया, उससे तंग आकर उन्होंने खुद को कांग्रेस और इंडिया समूह दोनों से पूरी तरह से दूर कर लिया है। यही कारण है कि ये लोग लगातार झूठ फैला रहे हैं कि हम संविधान बदल देंगे और आरक्षण ख़त्म कर देंगे। मैं पहले ही कह चुका हूं कि अगर बाबा साहब (अंबेडकर) खुद आकर कहते कि आरक्षण खत्म करो, संविधान बदलो, तब भी ऐसा नहीं होगा। अगर हमारी सरकार का इरादा आरक्षण खत्म करने का था, तो हमारे पास पहले से ही पर्याप्त संख्या है। आज, मैं हूं देश से अधिक सीटों की मांग कर रहा हूं, ताकि मेरे पास कांग्रेस और इंडिया समूह की साजिशों को नकाम करने की अधिक शक्ति हो। कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए श्री मोदी ने कहा, कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान भी लागू नहीं होने दिया था। अनुच्छेद 370 लागू करके कांग्रेस ने देश के संविधान का अपमान किया था, लेकिन, जब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म किया, तो यह सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी गारंटी बन गई। जम्मू-कश्मीर में पहली बार एससी/एसटी, ओबीसी और महिलाओं को वही अधिकार मिले हैं, जिनकी बाबा साहब ने देश के लिए कल्पना की थी। गरीबों के कल्याण के लिए लाई गई कई योजनाओं के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमने गरीबों के कल्याण के लिए जो भी योजनाएं लागू की हैं, उनसे दलितों, आदिवासियों और हाशिए पर रहने वाले लोगों को लाभ हुआ है। मुफ्त राशन, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, पक्के घर, शौचालय, बिजली, गैस, पानी-ये सभी मुख्य रूप से समाज के सबसे वंचित वर्गों तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार एससी/एसटी/ओबीसी परिवारों को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए हर घर, हर गांव तक पहुंची है।

# लोकतंत्र और संविधान को बचाने का एकमात्र अवसर है यह चुनाव- राहुल गांधी



**बिलासपुर,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि 2024 का चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई ही नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने का एकमात्र अवसर है। श्री गांधी ने छत्तीसगढ़ में बिलासपुर से लगे सकरी इलाके में डेंटल कालेज मैदान पर चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है जिसके एक ओर कांग्रेस और दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भाजपा के साथ आरएसएस देश के संविधान को बदलना चाहते हैं लेकिन उनके ये मंसूबे पूरे नहीं होंगे। उन्होंने जोर दिया कि संविधान महज एक किताब नहीं है बल्कि आपके अधिकार को बचाने और कायम रखने का संवैधानिक दस्तावेज है तथा इसे ही बदल दिया गया तो आम जनता के अधिकार भी खत्म हो जायेंगे।

उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस की विचारधारा अंबेडकर, नेहरू और महात्मा गांधी की विचारधारा कतई नहीं है। इनकी विचारधारा अंबानी और अडानी जैसी उद्योगपतियों को लाभ फायदा पहुंचाने वाली विचारधारा है। पहले हम कहते थे कि संविधान खतरे में है तो लोग भरोसा नहीं करते थे, लेकिन अब सबको समझ आ गया है कि इस बार संविधान, आरक्षण और बचे-खुचे सार्वजनिक उपक्रमों पर हमला है। इसलिए यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का एकमात्र अवसर है। संबोधन के दौरान अपने हाथ में रखे लाल रंग की संविधान की किताब को प्रदर्शित करते हुए श्री गांधी ने कहा, एक तरफ वे ताकतें हैं जो संविधान को महज किताब मानकर उसे बदलना चाहता है लेकिन ये देश की आम जनता के हितों तथा गरीबों के अधिकार को संरक्षित करता है और इसे बदलना नामुमकिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत सरकार के मुखिया केवल 20-25 लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए आपके वोट लेते हैं और आपके जल, जंगल और जमीन सब कुछ आपसे लेकर अपने इन्हीं चहेतों को दे देते हैं। उन्होने कहा कि भाजपा ने 400 पार का दंभ भरा था लेकिन जनता ने इसकी नब्ज पकड़ ली जिससे अब वह 150 की बात भी नहीं कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि देश के लोग अपने संविधान को बचाने के लिए इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## एक नजर

### भारत ने जताया कनाडा से कड़ा विरोध

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के एक कार्यक्रम में खालिस्तानी अलगाववादी नारे लगाए जाने पर सोमवार को यहां कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा कि कनाडा में आयोजित एक कार्यक्रम में, जिसे कनाडाई प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से संबोधित कर रहे थे, में 'खालिस्तान' पर अलगाववादी नारे लगाए जाने के संबंध में कनाडा के उप उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में आज तलब किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडाई राजनयिक से इस आयोजन में इस तरह की परेशान करने वाली कार्रवाइयों को अनियंत्रित रूप से जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार की ओर से गहरी चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त किया गया। भारत ने कहा कि यह एक बार कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को प्रदान किये गये राजनीतिक स्थान को दर्शाता है। ऐसे तत्वों की निरंतर अभिव्यक्तियाँ न केवल भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती हैं, बल्कि कनाडा में वहां के ही नागरिकों के लिए हिंसा और आपराधिकता के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

### यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। यूजीसी नेट की परीक्षा की तिथि को 18 जून इसलिए किया गया क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, फ्र अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने यूजीसी-नेट जून 2024 के लिए परीक्षा की तारीख बढ़ाने का फैसला किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) एक ही दिन में पूरे भारत में ओएमआर मोड में यूजीसी-नेट आयोजित करेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सिटी परीक्षा केंद्र की सूचना के संबंध में अधिसूचना परीक्षा के 10 दिन पहले आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों को नवीनतम अपडेट के लिए एनटीए वेबसाइट पर जाने की भी सलाह दी जाती है।

# मुंबई शहर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष गतिविधियां- चुनाव आयोग

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुबंई शहर में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय यादव के मार्गदर्शन में जिले में विशेष गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस बयान के अनुसार रविवार को मुंबई के रूपारेल कॉलेज में क्षमता निर्माण और जीवन परिवर्तन तकनीक पर एक विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी, पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय अधिकारी, मुंबई नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही क्षेत्र के निवासी, सोसायटी अध्यक्ष, चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य नर्स, आंगनवाड़ी नर्स और सहायक बड़ी संख्या उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों से स्वीप के समन्वयक डॉ. सुभाष दलवी ने कहा, यदि हम इस वर्ष के चुनावों में 20 मई को मतदान करके मतदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लेते हैं, तो हम निश्चित रूप से एक मजबूत और सक्षम लोकतंत्र की ओर बढ़ेंगे।

डॉ दलवी ने कहा चुनाव कार्य हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। इस दिन हम सभी को देश के प्रति इसी भावना से इस कार्य में अपना शत-प्रतिशत योगदान देना चाहिए। आप सभी चुनावी प्रक्रिया में सरकार और मतदाताओं के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। अगर हम सब ठान लें तो हम मुंबई में मतदान का प्रतिशत जितना संभव हो उतना बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, इस कार्य में जिला चुनाव प्रशासन के माध्यम से हमारा पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान के समय मतदाताओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए बूथ जागरूकता समूह (बीएजी) के सदस्यों को प्रत्येक 20 घरों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और 20 मई को मतदान के दिन उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि हम किसी भी प्रलोभन में आये बिना निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर सही उम्मीदवार के चयन के लिए मतदान करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा, जमानत याचिका निचली अदालत में क्यों नहीं दायर की



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अपनी जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका क्यों नहीं दायर की।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह सवाल पूछा, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

पीठ ने श्री केजरीवाल की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा, आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया? डॉ. सिंघवी ने जवाब दिया कि हमने याचिका दायर कर ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस पर पीठ ने आश्चर्य प्रकट किया और कहा, तो फिर कोई जमानत याचिका नहीं? श्री सिंघवी ने जवाब दिया, हां, इस अदालत का क्षेत्राधिकार व्यापक है। पीठ ने आगे कहा, हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि क्यों... हम सिर्फ तथ्य की बता रहे हैं। श्री सिंघवी ने कहा, मैंने एक प्रत्युत्तर नोट और एक प्रारंभिक नोट भी भर दिया है। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा,आपने गिरफ्तारी और हिरासत के खिलाफ याचिकाएं दायर की हैं? इसके बाद श्री सिंघवी ने कहा कि हां, मेरा आवेदन पूरी तरह से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 19 से संबंधित है। पीठ ने पूछा, आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? श्री सिंघवी ने कहा कि सबसे पहले तो इसलिए कि गिरफ्तारी गैरकानूनी है और जब गिरफ्तारी अवैध हो तो धारा 19 का दायरा और भी व्यापक हो जाता है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा,श्री केजरीवाल ने बाद की हिरासत पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। इस पर श्री सिंघवी ने कहा, बहस के लिए उन्हें पूरा दिन लगेगा।

# डाकिया बनकर आपकी सेवक की तरह काम करती रहूंगी: कंगना

**मंडी,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा हलके से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कगना रनौत ने कहा कि आपका डाकिया बनकर आपकी सेवक की तरह काम करती रहूंगी। कंगना ने आज किन्नौर जिला के स्कीबा और चगांव में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि हम दूर दराज के लोग हैं, गरीब है, हम लोग जमीनी स्तर से जुड़े लोग हैं। हम ने गरीबी भी देखी है। हमने गरीब भी देखा है। इसलिए हमारा दिमाग आसमान में नहीं उठाता है। हम लोग जमीन में रह कर काम करने वाले लोग हैं। कंगना ने कहा जब वह मुंबई फिल्म इंडस्ट्री गई थी, तो यह कहा गया कि यह पहाड़ की लड़की यहां आकर क्या करेगी। यहां पर इसका कुछ नहीं होने वाला। लेकिन उन्होंने जमीनी लेवल पर लगन व निष्ठा के साथ कर्मठता से काम किया और अपने अभिनय कला तथा योग्यता के आधार पर ही मुकाम को हासिल किया।

# लोस चुनावः राजनाथ और योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



**संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

**लखनऊ।** रक्षा और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रोड शो निकाला जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। चिलचिलाती गर्मी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विकास रथ पर सवार श्री सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो दूसरी तरफ योगी आदित्यनाथ हाथ में %कमल का फूल% और चेहरे पर मुस्कान लिए आमजन से जुड़े रहे। भाजपा कार्यालय से प्रारंभ हुआ रोड शो कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं समेत समाज के विभिन्न वर्गों ने योगी-राजनाथ पर पुष्पवर्षा भी की। पूरा रास्ते भाजपा के झंडे संग भगवामय रहा।

रोड शो में उत्तरांखड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल, देवरिया के सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश्वर सिंह, नीरज बोरा, पंकज सिंह आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने बीच-बीच में स्वयं कमान संभाल लेते हुए व्यवस्था संभालने का आह्वान जनसमुद्र से करते रहे। योगी ने लखनऊवासियों का आभार जताया तो %भारत मां की जयकार, वंदे मातरम, फिर एक बार-मोदी सरकार% आदि नारे लगवाते रहे। योगी आदित्यनाथ रास्ते की व्यवस्था को भी माइक से संभालते रहे। अव्यवस्था न हो, इसके लिए बीच-बीच में भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यवस्था से जुड़े लोगों को रथ से ही निर्देश भी देते रहे। विकास रथ पर राजनाथ सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो योगी आदित्यनाथ कमल का फूल चुनाव चिह्न लेकर अबकी बार-400 पार का संवाद भी करते रहे। रोड शो के दौरान देशभक्ति गीत भी लोगों में जोश भरता रहा। जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे. ऐ वतन-ऐ वतन आदि गीतों पर ढोल-नगाड़े संग लोग झूमते रहे। वहीं बीच में आई एंबुलेंस को भी रास्ता देकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी संजीदगी को दर्शाया। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन व जोश भी दिखा। राजनाथ सिंह के नामांकन में उमड़ी भीड़ पल-पल की तस्वीर को कैमरे में कैद करती रही। भाजपा का कार्यकर्ता हो या आम जनमानस, हर कोई अपने मोबाइल में पल-पल की तस्वीर को खींच रहा था। वहीं राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई और आमजन का अभिवादन भी करते नजर आए।

# तेलंगाना सहित पूरा देश मोदी सरकार को तीसरे कार्यकाल के लिए चुनने को तैयार- नड्डा



**भद्राद्रि कोठागुडेम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को विश्वास जताया कि तेलंगाना सहित संपूर्ण देश ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी सरकार को चुनने के लिए तैयार है।

श्री नड्डा ने कोठागुडेम और महबूबाबाद में उत्साही भीड़ को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय ताने-बाने में विशेष रूप से आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के एकीकरण पर जोर देते हुए समग्र विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर और स्वामी बालाजी, जमालपुर वेंकटेश्वर मंदिर में श्रद्धा के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए बंजारा समुदाय के उत्थान के लिए सेवालाल महाराज के समर्पण को नमन किया। उन्होंने कोठागुडेम और महबूबाबाद में भाजपा उम्मीदवारों टी विनोद राव और प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक के लिए स्पष्ट समर्थन का उल्लेख किया, जो राष्ट्रीय प्रगति के लिए भाजपा के दृष्टिकोण और संकल्प को उजागर करता है। श्री नड्डा ने पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व की सराहना की और विकास-केंद्रित राजनीति की ओर बदलाव पर जोर दिया। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों को भाजपा की अपने वादों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

# मुख्यमंत्री ने पर्याप्त जलापूर्ति का निर्देश दिया है: आतिशी ने केजरीवाल से मुलाकात के बाद कहा

**मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को तिहाड़ जेल में उनसे मुलाकात की। मुलाकात के बाद आतिशी ने बताया कि केजरीवाल ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि गर्मियों के मौसम में शहर वासियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़े।

आम आदमी पार्टी (आप) के अनुसार, सुनीता केजरीवाल को सोमवार को अपने पति से मिलने की अनुमति दे दी गई। पार्टी ने दावा किया कि पहले तिहाड़ जेल प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। जेल में केजरीवाल से मुलाकात के बाद आतिशी ने संवाददाताओं से कहा कि जब मुख्यमंत्री से कुशलक्षेम पूछी गयी तो उन्होंने कहा कि उनकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। आतिशी ने कहा, ''मैंने उनसे पूछा कि वह कैसे हैं और उनकी सेहत कैसी है। उन्होंने मुझसे कहा कि उनके बारे में और उनकी सेहत के बारे में फिक्र करने की जरूरत नहीं है। आतिशी ने कहा कि इसके बजाय मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि क्या स्कूली बच्चों को किताबें मिल रही हैं। आतिशी ने कहा, ''उन्होंने (केजरीवाल ने) मुझसे पूछा कि बच्चों को पढ़ाई में कोई समस्या तो नहीं आ रही और क्या मोहल्ला क्लीनिक में दवाओं की समस्याओं को सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने उनसे पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा ताकि लोगों को गर्मियों के मौसम में संकट का सामना नहीं करना पड़े। दिल्ली सरकार में शिक्षा और जल विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहीं आतिशी ने कहा, ''उन्होंने इस बात पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने महिलाओं के लिए भी संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि वह जल्द ही बाहर आएंगे और वादा किया है कि जल्द ही महिलाओं को 1,000 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। उनके द्वारा योजना का खाका तैयार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने मार्च में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं के लिए 1,000 रुपये की मासिक सम्मान राशि योजना की घोषणा की थी। आतिशी से तिहाड़ जेल के अधिकारियों द्वारा सुनीता केजरीवाल को उनके पति से मिलने की अनुमति नहीं देने के आम आदमी पार्टी के दावे के बारे में भी पूछा गया। इस पर वरिष्ठ 'आप' नेता ने कहा, ''यह भाजपा की तानाशाही है। आप नये नियम बनाते हैं। दो लोगों को एक बार में मिलने की अनुमति दी जाती है। हमें उनसे मिलने की अनुमति मिल गई थी लेकिन अचानक उन्होंने मना कर दिया। यह कैसी साजिश है। आप उन्हें परेशान करना चाहते हैं। ऐसी तानाशाही अंग्रेजों के शासन में भी नहीं हुई। राजनीतिक कैदियों को सम्मान से देखा जाता था। आतिशी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को केजरीवाल से इतनी नफरत है कि वे नए नियम बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया, ''जब हमारे वकीलों ने यह मुद्दा उठाया तो तानाशाह सरकार को कदम वापस लेना पड़ा और अनुमति देनी पड़ी।' आप' ने रविवार को कहा था कि जेल अधिकारियों ने सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति नहीं दी है। तिहाड़ के अधिकारियों ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मंगलवार को अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। यह जेल में केजरीवाल से उनकी दूसरी मुलाकात होगी। इससे पहले मान ने 15 अप्रैल को पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के साथ केजरीवाल से मुलाकात की थी। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह सात मई तक न्यायिक हिरासत में हैं। आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।



# नर्सरी दाखिला: ईडब्ल्यूएस सीटों पर मंगलवार से आवेदन करें

**सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** निजी स्कूलों की नर्सरी से लेकर पहली कक्षा की आरक्षित आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/ वंचित वर्ग(डीजी) और दिव्यांग श्रेणी की सीटों पर मंगलवार से दाखिला की दौड़ शुरू हो रही है। इसके लिए शिक्षा निदेशालय की **www.edudel.nic.in** वेबसाइट पर ईडब्ल्यूएस/डीजी लिंक पर जाकर आवेदन करना होगा। अभिभावक एक मोबाइल नंबर का उपयोग करके केवल एक ही पंजीकरण कर सकेंगे। प्रक्रिया से संबंधित संचार केवल पंजीकृत नंबर होगा। एक से अधिक आवेदन करने पर उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। भले दाखिला के लिए कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ में नंबर आ गया हो। आवेदन के दौरान माता-पिता/अभिभावक का आधार कार्ड नंबर देना अनिवार्य है। इस बार निदेशालय ने आवेदन के लिए बच्चों के आधार कार्ड की अनिवार्यता खत्म कर दी है। वहीं, पंजीकरण फॉर्म में घर का पता भरने को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं। इलाके वाले विकल्प में क्षेत्र, उप-स्थान/उप-उप स्थान वाले विकल्प में गांव/कॉलोनी/अपार्टमेंट/सेक्टर/पॉकेट/ब्लॉक/गली आदि का विवरण देना होगा। आवेदन के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं कर सकेंगे। दरअसल, कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ में सीट आवंटन के लिए घर का पता मुख्य मानदंड है।

**अंतिम तारीख 15 मई**

आवेदन की अंतिम तारीख 15 मई है, जबकि 20 मई को पहला कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ आयोजित होगा। वहीं, प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतों और प्रश्नों को लेकर हेल्पलाइन नंबर 9818154069 पर सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक के बीच सोमवार से लेकर शुक्रवार में कॉल कर सकेंगे। दाखिला के लिए सामान्य बच्चों के लिए 31 मार्च 2024 को बच्चे की नर्सरी कक्षा के लिए उम्र 3-5 वर्ष, केजी के लिए 4-6 वर्ष और पहली कक्षा के लिए 5-7 वर्ष उम्र होनी चाहिए।

**ये हैं योग्य**

-ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत दाखिला आवेदन के लिए वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम होनी चाहिए। इसके लिए दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र मान्य होगा।

-दिल्ली में रहने का निवास प्रमाण पत्र हो। साथ ही बीपीएल/एएवाई कार्ड धारक भी दाखिला आवेदन के लिए योग्य होंगे।

-दिव्यांग श्रेणी में आवेदन के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र होना जरूरी है।

-एससी, एसटी, ओबीसी, अनाथ, ट्रांसजेंडर को वंचित समूह श्रेणी में माना जाएगा। इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा जारी प्रमाणपत्र मान्य होगा।

# कांग्रेस के नेताओं को नहीं करना चाहिए कन्हैया कुमार का विरोध: नीलम चौधरी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। पार्टी नें बड़ी सोच समझ कर यह निर्णय लिया है लेकिन कुछ स्वार्थी नेता उनकी उम्मीदवारी का विरोध कर रहे है जो कि उचित नहीं है। यह कहना है बाबरपुर जिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष नीलम चौधरी का। नीलम चौधरी कहती है प्रत्याशी बनने के लिए कोई भी कार्यकर्ता आवेदन कर सकता है लेकिन जब पार्टी किसी को प्रत्याशी बना दे तो उसका विरोध नहीं करना चाहिए। नीलम चौधरी कहती हैं पूरी प्रक्रिया के बाद ही पार्टी टिकिट देती है लिहाजा किसी एक व्यक्ति का निर्णय नहीं होता। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के निर्णय का सम्मान करते हुए निर्णय का स्वागत करना चाहिए। नीलम कहती हैं कन्हैया कुमार एक युवा है, शिक्षित है, झूठ के खिलाफ सच की लड़ाई है, देश का एक सच्चा सिपाही है, नीलम ने कहा कि कन्हैया कुमार का दिल्ली से बहुत गहरा रिश्ता है, वह जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे है। वे पूर्वी दिल्ली में लम्बे समय तक रहे हैं। कन्हैया कुमार को बाहरी नहीं माना जा सकता। बल्कि जो उन्हें बाहरी कह रहे हैं उनका नाता दिल्ली से इतना पुराना नहीं है जितना कन्हैया कुमार का है। नीलम चौधरी ने कहा सच तो यह है की जब से उत्तरी पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने बतौर प्रत्याशी कन्हैया कुमार के नाम की घोषणा की है तब से भाजपा वाले डर गए है क्योंकि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मन ही मन यह बात जानते है की कन्हैया कुमार एक बहुत ही मजबूत प्रत्याशी है और कन्हैया कुमार के उत्तरी पूर्वी लोकसभा क्षेत्र में आने से चुनावी समीकरण पूरी तरह से बदल गए है।

# दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन का श्रेय भी लवली को जाता है: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की आलोचना करते हुये अरविंदर सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने के बाद आप ने सोमवार को इस गठबंधन का श्रेय कांग्रेस नेता को दिया। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन का श्रेय लवली को जाता है। कांग्रेस नेता लवली के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, 'मैं यह जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि लवली ने कांग्रेस के साथ हमारे गठबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुझे अब उनके विपरीत विचारों के कारणों की जानकारी नहीं है।'

उन्होंने लवली को इस बात पर भी धन्यवाद दिया कि जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था तब वह उनके आवास पर पहुंचने वाले पहले कांग्रेस नेता थे। सिंह ने कांग्रेस के साथ हुए गठबंधन के गठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी उन्हें धन्यवाद दिया। संजय सिंह ने इस बारे में और कुछ कहने से इनकार करते हुए कहा कि लवली का इस्तीफा कांग्रेस का आंतरिक मामला है। पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस की कमान संभालने वाले लवली ने अपने त्यागपत्र में 'आप' के साथ पार्टी के गठबंधन और लोकसभा चुनाव में क्रमशः उत्तर पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार एवं उदित राज को मैदान में उतारने के फैसले की आलोचना की। लवली ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस गठबंधन के खिलाफ थी, लेकिन पार्टी आलाकमान ने फिर भी आप के साथ गठबंधन किया। 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्युसिव एलायंस' (इंडिया) के दो घटकों के बीच हुए सीट-बंटवारे के तहत, कांग्रेस ने दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से तीन पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। बाकी चार सीटों पर आप चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस और आप में यह सहमति तब बनी जब दोनों पार्टियों ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया।



# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई सुरक्षाकर्मी की मौत, शव चूहों ने कुतरा

**नई दिल्ली।** जैतपुर इलाके में मीठापुर चौक के पास 28 अप्रैल की रात एक सुरक्षाकर्मी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सुरक्षाकर्मी के शव को चूहों ने भी कुतर दिया। 29 अप्रैल की सुबह मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि मूल रूप से बिहार के रहने वाले 48 वर्षीय गोपाल गुप्ता अपने परिवार के साथ हरिनगर एक्सटेंशन जैतपुर इलाके में रहते थे। वह निजी कंपनी में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करते थे। सोमवार सुबह लोगों ने उन्हें अचेत अवस्था में मीठापुर चौक के पास देखा और पुलिस को मामले की सूचना दी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। जिला पुलिस की क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गोपाल की मौत कैसे हुई यह बता पाना अभी मुश्किल है क्योंकि शरीर पर जो घाव के निशान हैं वह चूहों के कुतरने के लग रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। गोपाल के परिजनों के मुताबिक रविवार रात करीब 10 बजे उनका बेटा उन्हें खाना देने के लिए गया था, लेकिन उस वक्त वह नहीं मिले। तब बच्चों ने उन्हें फोन भी किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। सोमवार सुबह उनका शव मिला।

# किसी पर टिप्पणी करने से पहले दादूवाल को अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत : सरना

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने बलजीत सिंह दादूवाल द्वारा की गई टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि दादूवाल को किसी के बारे में बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। यहां जारी एक बयान में सरदार सरना ने कहा कि दादूवाल की किसी भी बात का जवाब देना अपने स्तर से नीचे जाना है मगर गुरुद्वारा बंगला साहिब में गुरु साहिब व संगत के समक्ष जो बातें उन्होंने कही हैं, उनका जवाब देना आवश्यक है। दादूवाल को बताना चाहिए कि जब वे पहली बार हरियाणा कमेटी के सदस्य बने तो किस पार्टी के नेताओं की चापलुसियां करके बने थे। क्या स. प्रताप सिंह बाजवा ने उनके नाम की सिफारिश नहीं की थी ? प्रताप सिंह बाजवा किस पार्टी से संबंधित हैं यह सभी जानते हैं। सरना ने बताया कि उनकी स्वयं की सिफारिश पर दादूवाल सदस्य बने थे। यदि वह यह भी भूल गए हैं तो शहर और जगह भी बता सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिस पार्टी ने बंदी सिंह को रिहा करने का वादा किया था, किसानों के मुद्दों का समाधान करने की बात कही थी, वह पार्टी सिखों के हर मुद्दे में हस्तक्षेप करना चाहती है और निरंतर कर रही है। ऐसी पार्टी में बिना शर्त शामिल होने या समर्थन करने वालों की आलोचना क्यों नहीं होनी चाहिए और दादूवाल आज उसी पार्टी के समर्थक प्रवक्ता बनकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि दादूवाल को शर्म आनी चाहिए कि आठवें गुरु श्री हरिकृष्ण साहिब जी के पवित्र स्थल गुरुद्वारा बंगला साहिब में बैठ कर सिखों के मसलों को हल करने की बजाय किसी पार्टी के चाटुकार समर्थक बनकर तुच्छ बातें कर रहे हैं। वह भी उस पार्टी की जो सिखों के संस्थानों पर कब्ज़ा करना चाहती है लेकिन संगत उनकी हरकतों से भलिभांति परिचित है इसलिए किसी भी बहकावे में आने वाली नहीं।

# राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर निहंग सिंहों ने खालसाई जाहो जलाल के साथ सिख मार्शल आर्ट का किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली फतेह दिवस के दूसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सड़कों पर निहंग सिंहों ने खालसाई जाहो जलाल के साथ सिख मार्शल आर्ट गतके का प्रदर्शन किया। दिल्ली फ़तेह दिवस के दूसरे दिन, जमना बाज़ार से लाल किले तक एक जरनैली मार्च का आयोजन किया गया जिसमें बाबा बलबीर सिंह 96 करोड़ बुड्ढा दल सहित अन्य निहंग सिंहों ने घोड़ों व हाथियों पर सवार होकर भाग लिया। इस मार्च में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के सभी पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए और यात्रा का नेतृत्व किया। समूचे मार्च के दौरान, निहंग सिंह खालसाई जाहो जलाल के साथ साहिब ए कमाल गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी द्वारा आशीर्वाद प्राप्त शस्त्र पहनकर गतका खेल रहे थे। यह मार्च जमना बाजार होता हुआ लाल किले तक पहुंचा, इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर खालसाई चढ़दीकला का प्रतीक देखकर हर कोई हैरान रह गया. महान सेनापति बाबा बाघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया के नेतृत्व में लाल किले पर हमला करके शाह आलम द्वितीय को हराने के इस उत्सव को दिल्ली फतेह दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के इतिहास में यह पहली बार था जब मुगलों को उनके ही घर में हराया गया। सिख जनरलों द्वारा नेतृत्व इस सेना में 30 हज़ार की सेना शामिल थी। इस जीत के बाद इन महान सेनापतियों ने 10 महीने तक दिल्ली में डेरा डाला और गुरु साहिबानों से जुड़े तीर्थस्थलों को चिह्नित किया और वहां गुरुद्वारा साहिब का निर्माण कराया, जहां आज गुरुद्वारा शीशगंज साहिब, गुरुद्वारा बंगला साहिब, गुरुद्वारा बाला साहिब और अन्य गुरु घर सुशोभित हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि समिति के मुख्य सेवक के रूप में वे भारत सरकार के साथ मिलकर उसी लाल किले पर दिल्ली फतेह दिवस मना रहे हैं जहां से गुरु तेगबहादुर साहिब जी को शहीद करने का आदेश मुगलों द्वारा दिया था।

# अल्हड़ बीकानेरी सम्मान से सम्मानित हुए सुरेंद्र शर्मा

**शबाना बेगम, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** हिंदी भवन, दिल्ली के भव्य सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्वर गंगा कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह पूरी दिव्यता और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया जी की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने पिछले दस वर्षों में दिल्ली में इतना भव्य साहित्यिक सम्मान समारोह नहीं देखा। साहित्य प्रेमी मंडल एक ऐसी संस्था है जो साहित्य के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रही है।

उनके द्वारा पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा जी को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. कीर्ति काले जी को निराला श्री सम्मान और मध्य प्रदेश भोपाल से उपस्थित मदन मोहन समर जी को साहित्य भारतीय सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. प्रवीण शुक्ल के संचालन में डॉ. सुरेश अवस्थी और संदीप शजर ने भी अपना श्रेष्ठ काव्य पाठ प्रस्तुत किया। श्रोताओं से खचाखच भरे हिंदी भवन के सभागार में लगातार पांच घंटे तक आनंद, उत्साह और उमंग की बरसात होती रही। पूरा सभागार लगातार श्रोताओं से खचाखच भरा रहा। अनेक श्रोताओं ने जगह न मिलने के कारण लगातार पांच घंटे तक अपने स्थान पर खड़े होकर कविताओं का आनंद लिया। कविवर ब्रज शुक्ल घायल जी द्वारा स्थापित साहित्य प्रेमी अपने 39 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस यात्रा में साहित्य प्रेमी मंडल के खाते में अनेक विशिष्ट उपलब्धियां दर्ज हो चुकी हैं। आज का हिंदी भवन का कार्यक्रम भी उन्हीं उपलब्धियों में से एक उपलब्धि के रूप में याद किया जाएगा। श्रोताओं में डॉ. सरिता शर्मा, श्रीमती अंजू जैन, डॉ. विमलेश कांति वर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, अतुल प्रभाकर, राज कौशिक, महेश गर्ग बेधड़क, गुणवीर राणा, डॉ. रंजना अग्रवाल, आदिल रशीद, पूनम मटिया, तूलिका सेठ, वंदना कुँअर रायजादा, विनोद पाराशर, सुनहरी लाल तुरंत, योगेंद्र सुंदरियाल, रजनीश राज, मुकेश शर्मा, सरिता सरोज, डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अतुल जैन, हरि प्रकाश जी सहित अनेक कवियों, लेखकों और साहित्यकारों की उपस्थिति रही। प्रारंभ में संस्था के उपाध्यक्ष राजेश कुमार जी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक भाई अरविंद गुप्ता जी का जन्मदिवस भी मनाया गया। अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा जी ने सभी का आभार व्यक्त किया और स्वरूचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




# कांग्रेस पार्टी के नेता ही अपनी पार्टी की कार्यशैली से खुश नहीं है : रामनारायण दुबे

**नई दिल्ली।** जब कांग्रेस पार्टी के नेता ही अपनी पार्टी की कार्यशैली से खुश नहीं है तो फिर वह जनता को अपनी पार्टी की कार्यशैली से कैसे खुश कर सकेंगे, जी हां ऐसा कहना है भाजपा के पूर्व महापौर रामनारायण दुबे का। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफे पर बात करते हुए रामनारायण दुबे ने कहा कि देखिए अब तो खुद कांग्रेस के नेता कांग्रेस पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश है तो फिर वह जनता को अपने काम से कैसे खुश कर पाएंगे, जब पार्टी के नेताओं को ही अपनी पार्टी में कमी दिखाई दे रही है तो फिर वह जनता को इस बात का भरोसा कैसे दिलाएंगे कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव जीत कर जनता की सेवा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

रामनारायण दुबे ने आगे कहा कि यह कोई छोटी बात नही है की किसी भी राजनीतिक पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष ठीक लोकसभा चुनावों से कुछ दिन पहले अपने पद से इस्तीफा दे दे, कोई भी नेता कभी भी छोटी सी बात पर अपने पद से इस्तीफा नहीं देता, इस्तीफा वो तब देता है जब वजह बहुत बड़ी हो, जब पार्टी के भीतर कोई बहुत बड़ी उथल पुथल चल रही हो और ठीक चुनाव से पहले कांग्रेस के भीतर ही चल रही इतनी बड़ी उथल पुथल इस बात की तरफ इशारा करती है कि कांग्रेस अभी तक अपने भीतर चल रही नेताओं की गुटबाजी का समाधान नहीं ढूंढ पाई है और सच तो यह है की कांग्रेस पार्टी अभी तक आगामी लोकसभा चुनावों को लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार ही नहीं है। रामनारायण दुबे ने आगे कहा कि अब तो खुद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने यह बात अपने इस्तीफे में साफ साफ लिख दी है कि दिल्ली में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन के तहत मिलकर चुनाव लड़ना महज एक औपचारिकता है और दोनों ही राजनीतिक पार्टी की विचारधारा एक दूसरे से बिलकुल भिन्न, बिल्कुल अलग है।

# कांग्रेस मुख्यालय के बाहर भाजपाओबीसी मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**शहनवाज़ सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में आज कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कांग्रेस द्वारा पिछड़ी जातियों का हक छीनकर मुस्लिम समुदाय को देने की चर्चा शुरू करने के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में भाजपा के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा, वरिष्ठ नेता सुमित भसीन, युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, ओबीसी मोर्चा महामंत्री राम खिलाड़ी यादव, मनीष चौधरी एवं डॉक्टर यू के चौधरी, युवा मोर्चा महामंत्री अरुण दराल एवं गौरव जोरसिया सहित ओबीसी मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मान सिंह रोड से वीरेंद्र सचदेवा और सुनील यादव ने कार्यकर्ताओ के साथ हाथों तख्ती पोस्टर लेकर कांग्रेस मुख्यालय तक पैदल मार्च किया जहां उन्होंने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरीगेट्ड को तोड़ा जिसके बाद पुलिस ने उन्हें डिटेन किया। विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के पुतला जलाकर अपनी नाराजगी जताई। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि जिस देश में बहुसंख्यकों की आबादी 80 फीसदी से ज्यादा हो उनको अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़क पर आना पड़ेगा। इस देश में जब जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है तब तब देश को बांटने का काम किया है। ओबीसी समाज एवं एस.सी. एस.टी. समाज उस आरक्षण को जो उन्हें संविधान द्वारा दिया गया है अगर उसे काग्रेस पार्टी छिनने का काम करेगी तो उसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में 27 फीसदी आरक्षण ओ.बी.सी. समाज को है लेकिन रातो रात उसमें मुस्लिम शब्द जोड़ दिया जाता है। सरकारी नौकरी से लेकर हर तरह की सुविधाओं में कांग्रेस ने मुस्लिम समुदाय को बढ़ावा दिया है और वही काम केरल और तेलांगना में किए जा रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एक कांग्रेस नेता का कहना है कि दक्षिण भारत को भारत से अलग कर देना चाहिए। इस मानसिकता के साथ अगर कांग्रेस आगे बढ़ रही है तो यह स्थिती देश की एकता के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि हम पूरी जिंदगी एक एक रुपए जुटाकर उसे जमा करते हैं लेकिन कांग्रेस का कहना है कि वह संपति का बंटवारा करेगी और उसका 55 फीसदी उन घुसपैठियों को देने की बात कर रहे हैं जिनका इस देश के साथ कोई लेना देना नहीं हैं। श्री सचदेवा ने कहा कि आज देश को तोड़ने के लिए विदेशी ताकते भी निगाह लगाकर बैठी है इसलिए हमें इस बार के चुनाव में घर घर जाना है और हर दरवाजे को खटखटाकर उससे मोदी सरकार की नीतियों और कामों का जिक्र करेंगे। हर वह आदमी जो अल्पसंख्यक के साथ मिलकर देश के विरुद्ध काम कर रहा है यह सही समय है जब हम उन्हें वोट के माध्यम से समझाए। सुनील यादव ने कहा कि अल्पसंख्यकों के आरक्षण के साथ कांग्रेस द्वारा छेड़छाड़ किया जा रहा है जिसे ओबीसी हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस हमारे संविधान को बदलने की कोशिश कर रही हैं। इसके साथ ही कर्नाटक के साथ साथ तेलांगना में भी मुस्लिम समुदाय को हिन्दू ओबीसी समाज के अधिकारों को बांटने का काम किया गया है। श्री यादव ने कहा कि जब तक राहुल गांधी लोगों के सामने आकर माफी नहीं मांगेंगे तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। आज देश के अंदर कांग्रेस एक साजिश के तहत हिंदुओं को जाति में बाटने की कोशिश कर रही है। लेकिन देश का ओबीसी समाज जिसे संविधान ने खुद अधिकार दिया है, वह इस तरह से कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधानों का गला घोटते देखना, नहीं सह सकता। कपिल मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने जो हक ओबीसी मोर्चा को अधिकार दिया था उसको कुचलने का काम कांग्रेस करना चाहती है। हिंदू ओबीसी समुदाय का हक छीनकर मुस्लिम समुदाय को देना सिर्फ यह कल्पना नहीं है बल्कि कर्नाटक में जहां उनकी सरकार है वहां उन्होंने करके दिखाया है।



## एक नजर

### राकेश टिकैत के पासपोर्ट रिन्यू को लेकर बीकेयू समर्थकों का हंगामा, पुलिस ने भेजा वापस

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में हापुड़ चुंगी स्थित पासपोर्ट कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, राकेश टिकैत ने अपने पासपोर्ट के रिन्यू के लिए आवेदन किया हुआ है। लेकिन, कुछ कागजी कार्रवाई के चलते पासपोर्ट रिन्यू नहीं हो पा रहा है। इसके बाद राकेश टिकैत के साथ मौजूद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने पासपोर्ट कार्यालय के अंदर नारेबाजी और धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक समझाकर सभी को वापस भेजा। राकेश टिकैत ने अपने पासपोर्ट के रिन्यू के लिए आवेदन किया है। उनके ऊपर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। इन्हीं मुकदमों से जुड़े हुए कई कागज पासपोर्ट अधिकारी ने राकेश टिकट से मांगे थे, जिसे लेकर यह विवाद हुआ। मुकदमों से जुड़ी हुई एनओसी की मांग पासपोर्ट अधिकारियों ने राकेश टिकैत से की थी। वहीं, टिकैत का कहना है कि वह कई बार इनसे जुड़े एनओसी के पेपर पासपोर्ट कार्यालय में जमा कर चुके हैं, बावजूद इसके उनका पासपोर्ट रिन्यू नहीं किया जा रहा है। इस बार फिर राकेश टिकैत ने अपने पेपर पासपोर्ट कार्यालय में जमा करवाए हैं। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की नारेबाजी और हंगामा को देखते हुए मौके पर पुलिस बल पहुंची। जिले के आला-अधिकारियों ने राकेश टिकैत से बातचीत की उनके समर्थकों को समझा-बुझाकर वापस रवाना कर दिया है।

### सेक्टर-122 में सफाईकर्मियों की हड़ताल गंदगी के ढेर लगे

**नोएडा।** सेक्टर-122 में सफाईकर्मी पिछले 14 दिनो से हड़ताल पर हैं। इसके चलते सेक्टर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यहां पर गंदगी के ढेर लग गए हैं। आरडब्ल्यूए ने इस मामले में प्राधिकरण के अधिकारियों से वार्ता की और हड़ताल को समाप्त कराकर सफाई व्यवस्था को सुचारु कराने गुहार लगाई। सेक्टर-122 की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा ने कहा कि उनके सेक्टर में 33 सफाईकर्मी हैं। पिछले 14 दिनों से ये कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उनका आरोप है कि ठेकेदार द्वारा उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया। उनके पास खर्चे के लिए भी रुपये नहीं हैं। इस संबंध में उन्होंने ठेकेदार से वार्ता की तो ठेकेदार ने कहा कि प्राधिकरण ने उन्हें अब तक भुगतान नहीं किया है तो वह कैसे सफाईकर्मियों के बकाये का भुगतान कर दें। सेक्टर के लोगों का कहना है कि इस हड़ताल के कारण सेक्टर की सफाई नहीं होने से सड़कों और चौराहों पर गंदगी का अंबार लग गया है। गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल है। गंदगी से नालियों के चौक होने से मच्छर पनप रहे हैं। आरडब्ल्यूए की ओर से प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात कर सेक्टर की सफाई कराने और हड़ताल को समाप्त कराने के लिए कहा गया है। प्राधिकरण का इस संबंध में कहना है कि वह ठेकेदार से वार्ता कर सफाईकर्मियों का भुगतान कराकर शीघ्र ही हड़ताल को समाप्त कराकर सेक्टर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएंगे।

### युवक को गोली मारने के मामले में प्रेमिका के भाई पर केस



**नोएडा।** यमुना पुस्तो रोड पर रविवार को टेंट हाउस में काम करने वाले टेंपो चालक को गोली मारने के मामले में पीड़ित की प्रेमिका के भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि प्रवीन कुमार रविवार की रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका सेक्टर-93 में लक्ष्मण टेंट हाउस है। उनके वहां पर 28 वर्षीय रिंकू निवासी बदायूं छह वर्षों से टेंपो चालक है। वह रविवार रात को टेंट हाउस का सामान लेने के लिए सेक्टर-137 गया था। वापस लौटते समय यमुना पुस्ता रोड पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। उसके साथ टेंपो का खलासी सरोज भी था। उसने टेंट के मालिक को इसकी सूचना दी। प्रवीन कुमार और उनके भाई जितेंद्र कुमार ने रिंकू को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रवीन कुमार ने घायल रिंकू की प्रेमिका पूजा के भाई पर उसे गोली मारने का शक जाहिर कर मुकदमा दर्ज करवाया है। रिंकू के दूर के मामा की शादीशुदा बेटी पूजा से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह दिल्ली के मदनपुर खादर में रहती है। रिंकू तीन माह पहले पूजा को मदनपुर खादर से अपने साथ नोएडा लाया था। वह छह-सात दिन तक उसके साथ रही थी। इसके बाद नाते रिश्तेदारी के लोग इकट्ठा होकर आए और दोनों पक्षों में पंचायत हुई। इसके बाद पूजा को वे लोग वापस ले गए। इसी रंजिश में रिंकू को गोली मारी गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# हार के डर से कांग्रेस को गुरुग्राम में नहीं मिल रहा प्रत्याशी: सैनी

**गुरुग्राम,एजेंसी।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की नामांकन के लिए आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ खोखली नारेबाजी करती है। कांग्रेस के पास कहने और बताने के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस का काम सिर्फ विरोध करना रह गया है।



यहां सिविल लाइन क्षेत्र में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राव इंद्रजीत सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम के लोगों की समस्याओं का समाधान किया है। गुरुग्राम को बदला है। उन्होंने सभी लोगों से राव इंद्रजीत सिंह को 8 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने का आग्रह किया। कांग्रेस को घेरते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अब चुनाव में कांग्रेस फिर झूठ का सहारा ले रही है। जनता को कांग्रेस की झूठ और लूट की राजनीति से बचना है और बचाना है। 55 सालों से कांग्रेस ने देश के लोगों और किसानों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में खड़ा किया, लेकिन नरेंद्र मोदी ने लोगों के साथ न्याय किया और लाइन को खत्म करने का काम किया। सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीयत और नीति दोनों ठीक है। पीएम मोदी ने देश को जोडने् का काम इन दस सालों में किया है। राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि 2014 में अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को सबक सिखाया था। नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले का गुरुग्राम भी देखा है और अब 2024 का गुरुग्राम भी सभी लोग देख रहे हैं। गुरुग्राम का कायापलट नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर राव इंद्रजीत सिंह ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में गुरुग्राम से दिल्ली जाने में 4 घंटे का समय लगता था, लेकिन आज द्वारका एक्सप्रेस-वे के माध्यम से केवल 15 मिनट में दिल्ली पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम से मुंबई जाने में पहले 40 घंटे लगते थे, लेकिन आज केवल 12 घंटे में मुंबई पहुंच जाते हैं। नायब सैनी ने एम्स का भी जिक्र करते हुए कि कहा कि रेवाड़ी में बनने वाले एम्स से उत्तर भारत के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों का वोट न लेने पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने का काम करेगी और लोगों को बहकाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलें और उन्हें 10 साल की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां बताएं तथा भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं।

## गृह मंत्री अमित शाह के वायरल वीडियो पर लोनी विधायक ने थाने में दी शिकायत

**गाजियाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के वायरल वीडियो को लेकर घमासान जारी है। गाजियाबाद के लोनी इलाके के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी पुलिस को शिकायत देकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई की मांग की है। विधायक का दावा है कि जिसने भी यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है वह कांग्रेस के लिए काम करता है। गाजियाबाद के लोनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि उन्होंने लोनी थाने में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दी है।

गुर्जर ने दावा किया कि प्रियांशी नाम के लड़के ने इस वीडियो को वायरल किया है। जब उससे पूछा गया तो उसने बताया है कि राहुल गांधी के कहने पर उसने केंद्रीय गृहमंत्री का एक ऐसा वीडियो वायरल किया है जिसमें उन्हें यह कहते हुए दिखाया गया है कि आरक्षण खत्म कर देंगे। इसके जरिये पूरे देश में जातीय संघर्ष की साजिश की गई है। इससे पहले भी ठाकुर- गुर्जर को, ब्राह्मण- ठाकुर को और अन्य जातियों को आपस में लड़ाने के प्रयास हो रहे थे। सपा के एक बड़े नेता ने बताया है कि यह उनकी सोची समझी रणनीति है, इसीलिए वे इन मुद्दों पर बात कर रहे हैं। विधायक ने प्रशासन से इस मामले में ठोस कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है की गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित वीडियो को एडिट कर वायरल किया गया है। सोशल मीडिया के एक ग्रुप पर 16 सेकंड का वीडियो डाला गया है जिसे फर्जी बताया गया है।

## भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में जीतेंगे हरियाणा की सभी सीट: महेन्द्र प्रताप सिंह

**शोएब आलम, संद्भावना टुडे**

**पलवल।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार एवं हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को पलवल के जाट लेंड से चुनाव प्रचार की शुरूआत की। उन्होंने जिले के घोडी-चांदहट गांव में लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के उपरांत पहली बार पलवल पहुंचे महेन्द्र प्रताप सिंह का फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों ने पगडी बांधकर अपने खुले समर्थन का भी ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने चांदहट गांव स्थित संत रविदास मंदिर में आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंति समारोह में भी भाग लिया और बाबा साहेब को अपने श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। पूर्व कैबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने कांग्रेस का लोकसभा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का आभार व्यक्त करते हुए खुलकर कहा कि आज प्रदेश में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के पक्ष में एक तरफा लहर चल रही है। प्रदेश के लोगों का झुकाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, इसका असर लोकसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। हुड्डा के नेतृत्व में फरीदाबाद सहित हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की ऐतिहासिक विजय होगी। क्योंकि हरियाणा के लोग आज फिर से भूपेन्द्र सिंह हुड्डा सरकार के राज को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलवल को जिला बनाने का श्रेय भी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को ही जाता है। आज फरीदाबाद और पलवल जिले में जितनी भी विकास योजनाएं दिख रही हैं, वह सब हुड्डा साहब की ही देन है। उन्होंने खुलकर कहा कि उन्हें लोकसभा उम्मीदवार बनाए जाने में भी सबसे ज्यादा सहयोग भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का ही है। इसलिए आज हुड्डा जी की बात पर हम सभी एकजुट हो कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर इस लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए अपनी आवाज बुलंद करें। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि वह पांच बार विधायक, मंत्री रहे हैं उन्होंने कभी भी जात-वाद की राजनीति नहीं कि बल्कि हमेशा विकास और भाईचारे को महत्व दिया है, अगर वह सांसद बने तो लोकसभा क्षेत्र में पडने वाले फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों का समान रूप से विकास करेंगे। उन्होंने भाजपा पर भाई भतिजावाद और जात-पात व धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब मोदी के नाम पर काम चलने वाला नहीं है।

## सर्वजातीय महापंचायत में फैसला, कांग्रेस हाईकमान बदले टिकट

**अशोक कुमार, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**फरीदाबाद।** गांव झाड़सेंतली में सोमवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने सर्वजातीय महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत की अध्यक्षता करण रावत नंबरदार बहीन ने की। महापंचायत में पृथला के पूर्व विधायक पंडित टेक चंद शर्मा, हथीन के पूर्व विधायक केहर सिंह रावत, पूर्व पार्षद जगन डागर, पूर्व पार्षद ऋषिपाल चौधरी, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, रोहित सिंगला सहित अनेकों समाजसेवियों व पंच-सरपंचों ने हिस्सा लिया।



महापंचायत में उपस्थितजनों ने लोकसभा चुनाव के लिए करण सिंह दलाल को अपना समर्थन दिया और कांग्रेस हाईकमान से टिकट बदलने की मांग की। महापंचायत का विशेष मुद्दा फरीदाबाद व पलवल जिले को लूटने व बर्बाद होने से बचाना का था। महापंचायत में पूर्व मंत्री करण दलाल ने भाजपा सरकार व उनके प्रत्याशी पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में भाजपा सरकार के राज में उनके सांसद ने फरीदाबाद लोकसभा को लूटने का काम किया है। पलवल-फरीदाबाद जिला नरक की जिंदगी जीने को मजबूर है। सर्वजातीय महापंचायत में सर्व सम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 5 मई तक कांग्रेस हाईकमान फरीदाबाद लोकसभा सीट की टिकट को बदले और महापंचायत के चुने हुए पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल को टिकट दे, नहीं तो वह किसी और पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ें। सभी पंचों ने कहा कि जो व्यक्ति चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता था और टिकट की दावेदारी का फार्म भी नहीं भरा, ऐसे में उस व्यक्ति को टिकट क्यों दी गई। इस पर करण सिंह दलाल ने कहा कि यदि हाईकमान टिकट बदल कर मुझे देती है तो मैं चुनाव लड़ूंगा, लेकिन निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के फैसले का सम्मान करते हुए उसे स्वीकार करता हूं।

## मोदी ने विश्वभर में बढ़ाई भारत की साख: गुर्जर

**शहजाद सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा संयोजक अजय गौड़ के संयोजन में सोमवार को सेक्टर-17 स्थित मॉडर्न स्कूल ऑडिटोरियम में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विशिष्ट जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समूचे क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा दस वर्ष के दौरान किए गए विकास के कामों पर अपनी-अपनी राय रखी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की। इस दौरान उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों ने दोनों हाथ उठाकर कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया।



विशिष्टजनों की संगोष्ठी में मोदी की गारंटी के साथ 24×7 फॉर 2047 के मंत्र के आधार पर निर्मित मोदी सरकार के संकल्प पत्र पर गहन चर्चा की गई। वहीं, मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर प्रशासन के साथ मिलकर जन-जागरुकता अभियान चलाने व फरीदाबाद में रिकॉर्ड मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने का भी संकल्प लिया गया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दस सालों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की साख को विश्व पटल पर बढ़ाने का काम किया है। जो देश पहले भारत को कमजोर समझते थे, आज वही भारत को सर्व शक्तिमान मानते हैं और उसके साथ संबंध जोड़ने के लिए उत्साहित नजर आते हैं। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370ए हटाकर यह साबित कर दिया कि यह हमारे देश का अभिन्न अंग है और इसे किसी कीमत पर हम अपने से अलग नहीं होने देंगे। इस अवसर पर भाजपा के लोकसभा संयोजक अजय गौड़, विधायक नरेंद्र गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, आरके चिलाना, सुरेंद्र दत्ता, एसपीएस डागर, सीपी जैन, निवर्तमान पार्षद छत्रपाल, सुभाष आहुजा, विनोद भाटी, धर्मेन्द्र कौशिक, पंकज रामपाल, बलवान शर्मा सहित अनेकों प्रबुद्ध नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

### हॉस्टल में बीटेक के छात्र का शव लटका मिला

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि मोबाइल पर बात करते समय छात्र ने खुदकुशी की। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से खारी ख्वारी, तहसील डिवाई, जिला बुलंदशहर का रहने वाला कुणाल राजपूत नॉलेज पार्क स्थित कॉलेज से बीटेक तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक छात्र नॉलेज पार्क स्थित एक हॉस्टल में अपने रूम पार्टनर के साथ रहता था। रूममेट ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात कुणाल फोन पर बात करते हुए बराबर वाले कमरे में चला गया। वह कमरा खाली है। जब सुबह तक कुणाल अपने कमरे में नहीं आया तो रूममेट ने उसे इधर-उधर देखा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। कुछ देर बाद बराबर वाले कमरे में जाकर देखा गया तो कुणाल पंखे से लटका मिला, जिसकी सूचना वार्डन को दी गई। इसके बाद पुलिस को बताया गया।

## डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण ढहाकर जमीन मुक्त कराई

**नोएडा,एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को डूब क्षेत्र समेत तीन स्थानों पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। दो स्थानों पर 82 करोड़ रुपये की जमीन मुक्त कराई। तीसरी जगह शटरिंग तुड़वाकर संबंधित शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों का दावा है कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पर्थला खंजरपुर के डूब क्षेत्र में हिंडन पुल के पास करीब आठ हजार वर्ग मीटर जमीन पर चारदीवारी और कमरे का निर्माण किया गया था। इस निर्माण को वर्क सर्किल और भूलेख विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर तोड़ा। जमीन की अनुमानित कीमत करीब 48 करोड़ रुपये बताई गई है। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह बसई गांव में खसरा संख्या-59, 60, 61, 62 जमीन पर अतिक्रमण हो रखा था। यह जमीन नोएडा भूखंड संख्या-27ए के अंतर्गत पार्क के लिए नियोजित है। यहां पर भी चारदीवारी कर कमरे बनाए गए थे। इस अतिक्रमण को भी ध्वस्त कराया गया। यहां करीब 4500 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण हो रखा था। इस जमीन की अनुमानित कीमत करीब 34 करोड़ रुपये है। इसके अलावा प्राधिकरण ने सेक्टर-48 में मदरहुड अस्पताल के सामने हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाया। इसके साथ ही शटरिंग तुड़वाई गई। अधिकारियों ने निर्णय लिया कि इस प्रकरण में वर्क सर्किल-3 की तरफ से एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना में प्राधिरकण ने बदलाव किया है। अभी तक जिस एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होती है, वहां पर संबंधित वरिष्ठ प्रबंधक, सहायक प्रबंधक के अलावा भूलेख विभाग से लेखपाल आदि चले जाते हैं। अब निर्णय लिया गया है कि जहां पर बड़े स्तर पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होगी, वहां प्राधिकरण का पूरा अमला मौजूद रहेगा।

## मई के पहले हफ्ते में आ सकता है सीबीएसई के 46,094 छात्रों का परिणाम

**गाजियाबाद।** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देने वाले जिले के 46,094 छात्र छात्राओं का परिणाम 10 दिन में जारी हो सकता है। बोर्ड मई के पहले हफ्ते में परीक्षा परिणाम जारी कर सकता है। छात्र भी परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जल्द बोर्ड की तरफ से तिथि का ऐलान किया जाएगा। जिले में इस वर्ष 47 केंद्रों पर सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) की परीक्षाएं 15 फरवरी से चार अप्रैल तक हुईं, जिसमें कुल 46,094 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इसमें 10वीं के 25,813 और 12वीं में 20,281 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। सीबीएसई बोर्ड मई माह के पहले हफ्ते में परिणामों की घोषणा कर सकता है। हालांकि बोर्ड ने परिणाम जारी करने के लिए आधिकारिक तिथि का ऐलान नहीं किया है, लेकिन शिक्षकों का कहना है कि 10 दिन में परिणाम जारी हो जाएगा। वहीं दूसरी तरफ जब से यूपी बोर्ड का परिणाम आया है तब से सीबीएसई के छात्र भी बेसब्री से परिणाम जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि यूपी बोर्ड ने 20 अप्रैल को बोर्ड कक्षाओं के परिणाम जारी किए थे। अब सीबीएसई के साथ आईसीएसई बोर्ड के परिणाम भी जारी होने हैं। सीबीएसई परिणामों की घोषणा आधिकारिक वेबसाइट ष्ङ्घह्यद्.द्दश1.द्वठ्ठ पर की जायेगी। छात्र रोल नंबर एवं पासवर्ड के जरिए अपना परिणाम देख सकेंगे। परिणाम आने के बाद अगर कोई छात्र एक या दो विषयों में फेल हो जाता है तो उनके पास कंपार्टमेंट परीक्षा के जरिए दोबारा पेपर देकर पास होने का मौका होगा। वहीं, अगर कोई छात्र किसी विषय में प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं है तो वह अपनी कॉपी को दोबारा चेक करा सकेगा। परिणाम जारी होने के बाद इसके लिए फॉर्म जारी किए जाएंगे।




## मैं खुश किस्मत हूं मेरे लिए पूरी पार्टी वोट मांग रही है: राव इंद्रजीत सिंह

**गुरुग्राम,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मैनें कभी आप लोगों द्वारा दी गई ताकत का दुरुपयोग नहीं किया। आगे भी जो ताकत आप लोगों द्वारा दी जाएगी, उसका प्रयोग भी देश और प्रदेश की तरक्की के लिए होगा। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां सिविल लाइन क्षेत्र में अपनी नामांकन जनसभा में बोलते हुए कही। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जो कार्य 10 सालों में नहीं करा पाया, वादा करता हूं कि अगले पांच सालों में पिछले 10 सालों की सारी कसर पूरी कर दूगा। राव इंद्रजीत सिंह ने सीएम नायब सैनी समेत तमाम भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का नामांकन के अवसर पर साथ देने के लिए शुकिया अदा किया। राव ने कहा कि मुझे इतनी खुशी है कि भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता आज मेरे साथ है और मेरे लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि 25 मई को पूरे जोश के साथ अपने मत का प्रयोग स्वयं भी करें और दूसरों से भी भाजपा के पक्ष में वोट डलवाएं।



विपक्ष के उम्मीदवार के बारे में बोलते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रतिद्वंदी को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। युद्ध का मैदान हो या चुनाव का मैदान हो, पूरी तैयारी के साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि 4 जून को जब चुनाव का परिणाम आए तो गुरुग्राम लोकसभा पूरे देश में जीत के मार्जिन के मामले में अव्वल होनी चाहिए। भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या एवं पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि यह देश के लिए अहम चुनाव है। आज पिछले 10 सालों में भारत सही दिशा में चलने लगा है और विकास की राह देश ने पकड़ी है। पूर्व मंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने कहा है कि मेवात के अधिकांश लोग सूर्यवंशी और चंद्रवंशी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज तक गुरुग्राम से उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। क्योंकि यह किसी की आंखों पर पट्टी बांधकर बलि का बकरा तैयार करती है। पूर्व विधायक जाकिर हुसैन ने दावा किया कि मेवात में कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और सांसद तथा प्रधानमंत्री के कार्यों से मेवात के लोग खुश हैं। जितना विकास कार्य पिछले 10 सालों में हुआ है, मेवात के लोगों ने कभी सपने में भी इतने विकास कार्य की बात नहीं सोची थी।

# संकेत समझ भावनात्मक मुद्दों का सहारा

राजेश रामचंद्रन



लंबी चलने वाली लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में, अब जबकि दूसरे चरण का मतदान पूरा हो चुका है, अहसास होने लगा है कि माहौल पहले जैसा हो चला है। भाजपा पुनः ध्रुवीकरण के पैंतरे पर लौट चुकी है और लगता है हमेशा की तरह विपक्ष भी खुद को गिरहों में बांध रहा हैङ्क वही जाना-पहचाना किंतु दुखद चुनावी तमाशा। सवाल जिसका उत्तर पाने की अपेक्षा है वह यह कि क्योंकर प्रधानमंत्री मोदी 21 अप्रैल को बांसवाड़ा की चुनावी रैली में मुस्लिम फैक्टर घसीट लाए? और यह करने का ढंग कैसा रहाङ्क इस भाषण में घुसपैठिए, मंगलसूत्र और 'वे जो ज्यादा बच्चों वाले हैं' जैसे तमाम संदर्भ उन्होंने दे डाले। अब, जबकि इस चुनावी भाषण की चीरफाड़ और विश्लेषण यह समझने के लिए हो रहा है कि विकास से हटकर नफरत, अंतरिक्ष यान की उपलब्धि की बजाय संप्रदाय विशेष का हौवा खड़ा करना, बड़ी आकांक्षाओं की बात करने के बजाय सतही भाषा के स्तर पर उतर आने के पीछे कारण क्या है। क्या यह चुनावी वक्त का भय है? क्या विपक्षी दल मजबूत हो रहे हैं और भाजपा पर वजूद का संकट बन आया है? किसी राजनीतिक दल के लिए हालात मुश्किल बनते देख अपने सुरक्षित पाले में वापस घुसना सामान्य है।

अतएव, आसान आकलन यह है कि 19 अप्रैल के पहले चरण के मतदान के प्रतिशत और मतदाताओं के मिज़ाज ने भाजपा और संघ परिवार के नेतृत्व को फिक्रमंद कर डाला है, उनके पास फिर से धार्मिक पत्ता खेलने का एकमात्र विकल्प बचा। प्रधानमंत्री मोदी को 20 अप्रैल को नागपुर रुकना था। क्या आरएसएस नेतृत्व ने उन्हें हकीकत से अवगत करवाया? राजनीतिक बिसात को बूझने के कयासों में इस किस्म के सवाल उभर रहे हैं = क्या भाजपा के लिए हालात मुश्किल हो रहे हैं? लेखक 20 अप्रैल के दिन ऊधमपुर में मौजूद था, जहां पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह के समक्ष पिछली दफा की अपेक्षा मुकाबला कहीं कड़ा है। भाजपा के खिलाफ मुस्लिम मतदाताओं की लामबंदी मजबूत दिखाई दी। गुलाम नबी आज़ाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी का प्रत्याशी मैदान में होने से मुस्लिम वोटें बंटने का असर क्या रहा, इसके लिए चुनाव परिणामों का इंतजार करना पड़ेगा। यदि भाजपा के विरुद्ध मुस्लिम समुदाय की लामबंदी पूर्ण रूपेण है और हिंदू प्रतिक्रिया ढीली-ढाली- इससे बांसवाड़ा में मोदी के भाषण का विश्लेषण बेहतर ढंग से हो सकता है। सीधा अर्थ है खतरे की घंटी बज चुकी है। तिस पर, विभिन्न सर्वे बता रहे हैं कि बेरोजगारी और महंगाई चुनावी बातचीत में मुख्य मुद्दे बनकर उभरे हैं और वास्तव में गैर-सांप्रदायिक हिंदुओं की सोच को प्रभावित कर रहे हैं। यदि केंद्र सरकार के खिलाफ गुस्से की लहर न भी दिखाई दे तो भी कम से कम उत्साह में कमी तो साफ दिख रही है। यह सब कुछ है जो एक सामान्य चुनाव में किसी सत्ता को बदलने को जरूरी है, अतएव सत्ताधारी पक्ष के लिए लाजिमी हो चला है कि चुनावी प्रचार में मुस्लिम फैक्टर शामिल करके इसे असामान्य बना दिया जाए। जहां आलोचकों का इल्जाम है कि यह भाजपा द्वारा धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करके मतदाता के रुझान को बदलने का अग्रिम उपाय है वहीं बेशक यह चुनावी प्रचार को साम्प्रादायिक रंगत देने का प्रयास है। और 'हिंदू खतरे में है' का राग खुद-ब-खुद दर्शाता है कि भाजपा मुश्किल में है। हालांकि भाजपा के अंदरूनी लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री का बांसवाड़ा का भाषण इस बात का द्योतक नहीं है कि भाजपा मुश्किल में है बल्कि यह तो कार्यकर्ताओं की सुस्ती दूर करने को भावनात्मक सुरों का तड़का था। गोया, पार्टीगण साम्प्रदायिक रंगत को भावनात्मक सुर ठहरा रहे हैं। लेकिन यदि यह दलील मान भी ली जाए, तब भी इतना तो साफ है कि फिलवक्त भाजपा सुस्त पड़ना गवारा नहीं कर सकती और प्रत्येक सीट जीतने के लिए जी-जान से लड़ाई लड़नी पड़ेगी। इस स्थिति में यह समझ से परे हैं कि क्या महज साम्प्रदायिक पुट देना काफी होगा, क्या सुस्ती भगाने या आर्थिक संकट से बनी मतदाता की उदासीनता हटाने के लिए पार्टी के पास यही एक तरीका बचा है? यदि लोगों का मिजाज़ महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे से प्रभावित है तो मामला सरासर सत्ताधारियों के प्रति कड़वाहट का है, जिसे महज साम्प्रदायिक चाशनी चढ़ाकर दूर नहीं किया जा सकता। जीत के लिए, मुस्लिम फैक्टर से परे, 'एक बार फिर मोदी' अवयव का होना जरूरी है। और इसी का इम्तिहान है। जहां भाजपा का परीक्षण हो रहा है वहीं सत्ताधारियों के प्रति नाराजगी से उत्पन्न वोटें खुशी-खुशी पाने का इंतजार करने की बजाय कांग्रेस उन्हें भ्रमित कर रही है। राहुल गांधी किसी एक्स-रे जांच करवाने की कह रहे है, यह जानने के लिए कि किस समुदाय ने कितना पाया। जाहिर है उनका एस्क-रे यह नहीं दर्शाता कि खुद कांग्रेस के संभ्रांतों में किस समुदाय ने कितना पाया। यदि इस बात से बीच वाली जातियां उखड़ गईं तो जाति-आधारित पड़ताल से सशक्तीकरण करने का यह प्रयास उलटा भी पड़ सकता है। इसी बीच, राहुल गांधी के पिता, माता और बच्चों के सलाहकार सैम पित्रोदा विरासत-कर लगाने की सिफारिश कर रहे हैंङ्क विचार शानदार है लेकिन कांग्रेस के मालदार समर्थकों और खुद पार्टी ने इसे खारिज कर दिया है। जब कांग्रेस सारा ध्यान केवल गरीब वर्ग पर केंद्रित रखने का दावा कर रही है, ऐसे में विरासत-कर लगाने का विचार इस गरीब-हितैषी एजेंडे में सही बैठता है। क्यों न अति-धनाढ्यों पर कर लगे, खासकर जिन्होंने संदेहास्पद तरीकों से सरमाया इकट्ठा किया है? चूंकि काले से सफेद में तब्दील धन-संपत्ति अगली पीढ़ी को विरासत में मिलती है, सो इस पर कर लगना चाहिए। कांग्रेस और इसके समर्थकों ने इस विचार को सिरे से खारिज कर दिया क्योंकि पार्टी के पास कुल मिलाकर विरासत ही तो है जिस पर पार्टी और नेहरू-गांधी परिवार नाज़ कर सकता है। पुरखों से विरासत में 15-20 करोड़ रुपये या अधिक मूल्य की धन-संपत्ति पाने वालों पर कर लगना चाहिए (यह दर 15 फीसदी जितनी मामूली भी हो सकती है, महज इसलिए ताकि प्राप्तकर्ता को बिना काबिलियत और छप्पड़ फाड़कर मिले धन का मोल समझ आए) बल्कि ऐसा कर राजनीतिक विरासत पर भी लगना चाहिए। किसी नेता का बेटा या बेटी, चुनावी क्षेत्र में पार्टी के लिए 15 साल तक काम किए बगैर विधानसभाई या संसदीय चुनाव में प्रत्याशी न बन सके। इससे 15 फीसदी विरासत-कर और 15 वर्षीय सेवाकाल का समांतर औचित्य बन पाएगा। राहुल गांधी क्रांति की बात ऐसे कर रहे हैं मानो कोई माओ या स्टालिन हों। भव्यता का भ्रम अलग, वे अमेठी अथवा रायबरेली या बाकी उत्तर प्रदेश में अन्याय के इस एक्स-रे का क्रियान्वयन क्यों नहीं कर पाए जब 10 सालों तक वे कांग्रेस के दूसरे सबसे ताकतवर सांसद रहे (पहले बतौर राय बरेली सांसद)। आखिरकार, 2019 में भी उत्तर प्रदेश से कांग्रेस के 21 सांसद चुनकर आए थे। यदि चुनावी लड़ाई आम आदमी पर बन चुके आर्थिक संकट के मुद्दे पर हो चली है, तो उस गरीब देश में जहां अरबपति अपने बच्चों की शादी में सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च कर देते हैं, वहां विरासत कर पर बात करने तक का असर चमत्कारी हो सकता है। इसलिए, मोदी को अपनी गद्दी बनाए रखने के लिए तमाम सत्ता-अनुकूल स्थितियों का फायदा उठाना आना चाहिए था, लेकिन यह हुआ लगता नहीं।

पहले रेल यात्री सुरक्षित व आरामदेह यात्रा की आस में एसी के तृतीय या द्वितीय श्रेणी में आरक्षण कराकर यात्रा किया करते थे। परन्तु अब जैसे जैसे सरकार ट्रेन में सामान्य श्रेणी व स्लीपर क्लास डिब्बों की संख्या कम कर, एसी कोच बढ़ाती जा रही है वैसे वैसे स्लीपर व सामान्य श्रेणी के यात्रियों की समस्याओं में इज़ाफ़ा होता जा रहा है। हालात तो अब ऐसे हो रहे हैं कि स्लीपर क्लास में वेटिंग टिकट कन्फ़र्म न हो पाने वाले यात्री हों या सामान्य श्रेणी यात्री, अब वे सीधे ए सी क्लास रुख़ करते हैं। वे टिकट निरीक्षक को कुछ %नज़राना% थमा कर स्वयं को वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने के लिये अधिकृत यात्री मान लेते हैं। उसके बाद ए सी कोच और उसके अधिकृत यात्रियों को जिस दुर्दशा का सामना करना पड़ता है उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती। भारतीय रेल इतिहास में वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों की ऐसी दुर्दशा पहले कभी नहीं देखी गयी। गत 15 अप्रैल को अमृतसर से जयनगर जाने वाली ट्रेन संख्या 14650 के लगभग सभी ए सी कोच ख़ासकर कोच संख्या एम1 ऐसी दुर्व्यवस्था का शिकार था कि पूरे डिब्बे में प्रवेश द्वारा व वाशरूम से लेकर कोच के भीतर पूरी गैलरी में यहाँ तक की साइड की बर्थ के बीच में भी अनिधकृत यात्री खचाखच भरे हुए थे। वातानुकूलित श्रेणी के अधिकृत यात्रियों का शौचालय या वाश बेसिन तक पहुंचना असंभव था। अनधिकृत यात्रियों का केवल कोच की गैलरी या कोच के बाहरी हिस्से पर ही नहीं बल्कि शौचालय तक में पूरा क़ब्ज़ा था। अम्बाला से लेकर शाहगंज तक यानी शाम लगभग 6 बजे से लेकर अगले दिन 1 बजे तक कोच की दुर्दशा का यही आलम था।

# भारतीय रेल-सपने और हक़ीक़त

तनवीर जाफ़री



भारतीय रेल मंत्रालय लोकलुभावन विज्ञापन जारी कर अपनी छवि गढ़ने की क़वायद में जुटा हुआ है। वंदेभारत श्रेणी की अलग अलग दिशाओं को जाने वाले एक एक रैक को प्रधानमंत्री द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जाना और इन उद्घाटन समारोहों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत के चलते इस इवेंट मैनेजमेंट पर जनता के करोड़ों रूपये ख़र्च करना हो या देश के कई रेलवे स्टेशंस का सौंदर्यीकरण या उनका विस्तार करना हो या स्टेशन के मुख्य द्वारा पर ऊँचे ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करना हो, इनमें से किसी बात का सम्बन्ध सामान्य रेल यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं से हरगिज़ नहीं है। रेल यात्री को सबसे पहले सुरक्षित रेल यात्रा की दरकार है। समय पर ट्रेनों का आवागमन रेल यात्रियों की प्राथमिकताओं में एक है। प्रत्येक यात्री को आरक्षण मिले, उसकी वेटिंग कन्फ़र्म हो, स्वच्छ वाशरूम व वाशबेसिन, रेल से लेकर प्लेटफ़ॉर्म तक यात्रियों के सामान की सुरक्षा आदि यात्रियों की पहली ज़रूरतें हैं। रेल मंत्रालय द्वारा अपनी पीठ थपथपाने वाले विज्ञापन अख़बारों में प्रकाशित करा देने से रेल यात्रियों का क्या भला होगा? रेल स्टेशन के सौंदर्यीकरण के जो निर्माण कार्य चल भी रहे हैं उनकी गुणवत्ता देखकर ही पता चलता है कि %ख़ूब खाया और खिलाया% जा रहा है।

पहले रेल यात्री सुरक्षित व आरामदेह यात्रा की आस में एसी के तृतीय या द्वितीय श्रेणी में आरक्षण कराकर यात्रा किया करते थे। परन्तु अब जैसे जैसे सरकार ट्रेन में सामान्य श्रेणी व स्लीपर क्लास डिब्बों की संख्या कम कर, एसी कोच बढ़ाती जा रही है वैसे वैसे स्लीपर व सामान्य श्रेणी के यात्रियों की समस्याओं में इज़ाफ़ा होता जा रहा है। हालात तो अब ऐसे हो रहे हैं कि स्लीपर क्लास में वेटिंग टिकट कन्फ़र्म न हो पाने वाले यात्री हों या सामान्य श्रेणी यात्री, अब वे सीधे ए सी क्लास रुख़ करते हैं। वे टिकट निरीक्षक को कुछ %नज़राना% थमा कर स्वयं को वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने के लिये अधिकृत यात्री मान लेते हैं। उसके बाद ए सी कोच और उसके अधिकृत यात्रियों को जिस दुर्दशा का सामना करना पड़ता है उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती। भारतीय रेल इतिहास में वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों की ऐसी दुर्दशा पहले कभी नहीं देखी गयी। गत 15 अप्रैल को अमृतसर से जयनगर जाने वाली ट्रेन संख्या 14650 के लगभग सभी ए सी कोच ख़ासकर कोच संख्या एम1 ऐसी दुर्व्यवस्था का शिकार था कि पूरे डिब्बे में प्रवेश द्वारा व वाशरूम से लेकर कोच के भीतर पूरी गैलरी में यहाँ तक की साइड की बर्थ के बीच में भी अनिधकृत यात्री खचाखच भरे हुए थे। वातानुकूलित श्रेणी के अधिकृत यात्रियों का शौचालय या वाश बेसिन तक पहुंचना असंभव था। अनधिकृत यात्रियों का केवल कोच की गैलरी या कोच के बाहरी हिस्से पर ही नहीं बल्कि शौचालय तक में पूरा क़ब्ज़ा था। अम्बाला से लेकर शाहगंज तक यानी शाम लगभग 6 बजे से लेकर अगले दिन 1 बजे तक कोच की दुर्दशा का यही आलम था। कभी टिकट निरीक्षक किसी यात्री को थप्पड़ लगाता दिखाई दिया तो कभी किसी यात्री से पैसे ऐंठते। सारी रात कोच के आरक्षित अधिकृत यात्री घुसपैठी यात्रियों से लड़ते झगड़ते रहे। आरक्षण होने के बावजूद कोई भी यात्री सारी रात सो नहीं सका। कई यात्रियों ने चलती ट्रेन में ही फ़ोन कर शिकायत भी दर्ज की। मुरादाबाद में एक महिला पुलिस चीख़ती चिल्लाती बड़ी मुश्किल से कोच में घुसी और उन बर्थ पर गयी जहाँ से शिकायत की गयी थी। वह महिला पुलिस बजाये फ़ालतू सवारियों को नीचे उतारने के शिकायतकर्ता से यह कहती सुनी गयी कि %आइये मैं आपको वाशरूम तक पहुंचा देती हूँ%। टिकट निरीक्षक भी अत्यधिक भीड़ देख अपना वसूली मिशन पूरा कर दुबारा डिब्बे में ही मुड़कर नहीं आया। इसी भीड़ के चलते पानी चाय आदि की आपूर्ति करने वाले हाकर्स भी नहीं आ जा सके। यह हाल केवल 14650 का ही नहीं था बल्कि मुंबई से जयनगर जाने वाली 11061, पवन एक्सप्रेस के ए सी श्रेणी के यात्री भी उसी दिन इसी तरह की त्रासदी झेल रहे थे। मुंबई से लेकर प्रयागराज तक इस ट्रेन के ए सी कोच भी घुसपैठी यात्रियों से भरे पड़े थे। इसमें भी आरक्षित अधिकृत यात्री शौचालय तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इस तरह के घुसपैठी यात्री केवल आरक्षित अधिकृत यात्री की सुख सुविधा में ही बाधक नहीं बनते बल्कि वे शौचालय और वाशबेसिन को भी इतना गन्दा कर देते हैं कि यदि धक्का मुक्की कर कोई यात्री शौचालय और वाशबेसिन तक पहुँच भी जाये तो उसे इतनी गंदिगी का सामना करना पड़ता है कि वह शौचालय या वाशबेसिन का प्रयोग ही नहीं कर सकता। किसी सफ़ाई कर्मचारी के आने और सफ़ाई करने का तो सवाल ही नहीं पैदा होता। सोचा जा सकता है जब शिकायत करने के बावजूद पुलिस घुसपैठी यात्रियों को बाहर नहीं निकाल सकी, टिकट निरीक्षक मैदान छोड़ भाग खड़ा हुआ तो यात्रियों की सुध लेने वाला और उनके सामान की रक्षा करने वाला आख़िर कौन है? रेल मंत्रालय के इवेंट मैनेजमेंट या स्टेशंस को चमकाने की क़वायद रेल यात्रियों की उपरोक्त समस्या का समाधान भला कैसे हो सकती है? अपने वित्तीय आयबढ़ाने के लिये विभाग ए सी कोच की संख्या बढ़ा तो रहा है परन्तु वह शत प्रतिशत वेटिंग टिकट कन्फ़र्म करने की कोई तरकीब नहीं ढूंढता। उसके पास ए सी कोच में घुसपैठी यात्रियों के प्रवेश को रोकने और आरक्षित अधिकृत यात्री की सुखद व सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की कोई तरकीब नहीं। देश के अनेक हिस्सों में रेल यात्री इसी दुर्दशा का शिकार हैं। परन्तु सरकार है कि विज्ञापनों के बल पर अपनी पीठ थपथपा कर और तरह तरह की लोकलुभावन बातें कर या मुफ़्त का राशन बांटकर या फिर धर्म ध्वजा बुलंद कर आम लोगों को अँधेरे में रखे हुये है। गोया भारतीय रेल देशवासियों को सपने तो बुलेट ट्रेन और स्टेशन के आधुनिकीकरण के दिखाती है जबकि यात्रियों के सामने पेश आने वाली हक़ीक़त कुछ और है।

## विचार

# पर्यटकों की सुविधा के लिए विश्वसनीय माहौल बने

सुरेश सेठ

भारत प्रगति की राह पर है, ऐसा हमारे नीति-नियंताओं का कहना है। बेशक बहुत कमाई देने वाले क्षेत्रों में देश का पर्यटन क्षेत्र भी शामिल है। हमारे देश के पर्यटन के तीन हिस्सों में धार्मिक पर्यटन महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही है चिकित्सा पर्यटन। दुनिया में चिकित्सा महंगी होती जा रही है और गंभीर उपचार के लिए भी प्रतीक्षारत होना पड़ता है। भारत में चले आओ तो उपचार सस्ता है। विशेषज्ञ डाक्टर हमारे विश्वस्तर के अस्पतालों में हाजिर हैं। अंत में भारत जैसी सुंदर धरा पर समुद्र, पहाड़ और खुले हरित मैदानों और ऐतिहासिक स्थलों का वो पर्यटन आकर्षण खुला है कि इसको जितना भी प्रोत्साहित किया जाए, उतना ही विश्व भर के पर्यटकों के लिए कम होगा। दरअसल, यूरोप के बहुत से शहर तो ओवर टूरिज्म से जूझ रहे हैं। नीदरलैंड ने ब्रिटिश पर्यटकों के खिलाफ एक वीडियो कैम्पेन शुरू किया है, नाम था स्टे अवे। कहा कि 18 से 35 वर्ष तक के ब्रिटिश पुरुष यहां न आएं। एमस्टरडम के केन्द्र से चलने वाला क्रूज पर्यटकों का बहुत बड़ा आकर्षण है। जिस पर अंकुश लगाया जा रहा है। नये होटल नहीं बनाए जा रहे और कह दिया कि दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां न आएं जबकि कोविड से पहले अढ़ाई करोड़ पर्यटक नीदरलैंड में आते थे। इटली का वेनिस शहर भी पर्यटकों का प्रिय स्थल है। यहां शहर की मशहूर सड़कों पर घूमने के लिए पांच यूरो तक की फीस लगा दी गई है। त्योहार हैं तो भी फीस देनी होगी। हां, जो लोग वेनिस में किसी काम या अपने रिश्तेदारों से मिलने आए हैं, उनसे फीस नहीं ली जाएगी। उधर ग्रीस और फिलीपीन्स भी देश में ओवर टूरिज्म से परेशान हैं। वर्ष 2023 के पहले पांच महीनों के दौरान शहर में 46 प्रतिशत ज्यादा पर्यटक आ गए। ये क्रोएशिया में भी हुआ। ग्रीस ने एथेंस में भी 20 हजार पर्यटकों के आने की सीमा बांध दी । पेरिस में पिछले साल 80 लाख पर्यटक चले आए। विश्व प्रसिद्ध कृति मोनालिसा की एक झलक पाने के लिए धक्कामुक्की करने लगे। वहां भी 30 हजार पर्यटकों तक सीमा बांध दी गई है। पिछले दिनों मोदी सरकार ने घोषणा की है कि देश की आयात आधारित अर्थव्यवस्था को निर्यात केंद्रित अर्थव्यवस्था बना दिया जाएगा। आंकड़े बताते हैं कि देश पेट्रोलियम और डीजल का 85 प्रतिशत आयात भारत करता है और हमारे फार्मा उद्योग का अधिकांश कच्चा माल चीन से आता है। ऐसे देश में बिगड़ती अर्थव्यवस्था को संभालने का एक ही रास्ता है कि अधिक पर्यटकों को अपने देश में आकर्षित करें। लेकिन इसकी एक दूसरी तस्वीर भी है। हिमाचल और उत्तराखंड की ओर पर्यटक जाने लगे तो वहां पर प्राकृतिक कोप हमसे संभाला नहीं जा रहा। कुल्लू में बादल फटते हैं, शिमला के राजमार्ग तक भूस्खलन के कारण कई-कई दिन तक रुक जाता है। आजकल सड़कों को चारमार्गीय करने के उत्साह में कुल्लू-मंडी का रास्ता दो दिन में एक बार खुलता है। एक बार आने के लिए, एक बार जाने के लिए। भक्तों की कितनी भीड़ होशियारपुर के मार्ग से पवित्र माताओं के दर्शन करने के लिए जाती है लेकिन रास्ता वही टूटा-फूटा और उपेक्षित। पर्यटन के लिए भीड़ की कमी नहीं है। वहीं दूसरी ओर दुनियाभर के बीमारों के लिए भारत के उपचार गृह बहुत बड़ा आकर्षण रखते हैं। इनमें दुनिया के मशहूर डाक्टर काम करते हैं और ये इलाज किफायती भी हैं। लेकिन इन स्थानों के बारे में जागृति को प्रशासन ही पैदा करेगा। पहली प्राथमिकता अगर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए दी जाए तो निश्चय ही देश में एक ऐसी पर्यटन संस्कृति पनपेगी जो दूसरे महायुद्ध के बाद हमने यूरोप और अन्य पश्चिमी देशों में देखी थी। तब तो अस्तित्ववाद के प्रभाव से एक बोहेमियन संस्कृति का जन्म हो गया था। नौजवान ऐसे देशों, जिनमें भारत, जापान और चंद अन्य एशियाई देश प्रमुख थे, में आध्यात्मिक शांति के लिए चले आ रहे थे। प्रश्न पैदा होता है कि क्या भारत में हमने इन पर्यटकों के लिए सब सुविधाएं दी हैं? सड़कें अधूरी और पर्यटन स्थलों पर बने हुए आश्रय स्थलों में ठहरने की उचित सुविधा नहीं। अभी पहाड़ी इलाकों में स्टे होम की नई परम्परा बनी है। दरअसल, पर्यटन के लिए एक घुमक्कड़ प्रवृत्ति भी तो होनी चाहिए। एक यायावर संस्कृति भी तो होनी चाहिए। इसका विकास तो हम देश में कर ही नहीं सके। जरूरत है दूरदृष्टि के साथ पर्यटकों को ठगने की मनोवृत्ति को दरकिनार करने की। भारत के पर्यटन स्थलों में जितना पर्यटकों के लिए ईमानदारी, विश्वसनीयता और सुविधा का माहौल पैदा होगा, उतने ही ज्यादा पर्यटक अधिक आएंगे। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा। भूख, बेकारी और बीमारी से मुक्ति मिलेगी। इसलिए जरूरत है उभरते भारत में पर्यटन क्षेत्र के उचित विकास की।

## एक नजर

### डीएओ ने नये उर्वरक विक्रेताओं के बीच पीओएस मशीन का वितरण किया




**सहरसा,एजेंसी।** जिला कृषि कार्यालय के सभागार में नये उर्वरक अनुज्ञप्तिधारी विक्रेताओं के बीच सोमवार को पीओएस मशीन का वितरण किया गया।नये उर्वरक अनुज्ञप्तिधारी उर्वरक की बिक्री तब तक नहीं कर सकते हैं जबतक उन्हें पीओएस मशीन उपलब्ध नहीं होता है। अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के बाद भी अनुज्ञप्तिधारी विगत दो वर्षों से उर्वरक की बिक्री नहीं कर पा रहे थे। सहरसा जिला के लिए आईपीएल कम्पनी को पुलिस मशीन उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत किया गया था। आईपीएल कम्पनी के माध्यम से आज जिला कृषि पदाधिकारी ज्ञानचन्द शर्मा द्वारा अनुज्ञप्तिधारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध कराया गया। नया मशीन बिल्कुल अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित है। इसके माध्यम से उर्वरकवार कम्पनीवार उर्वरक का हिसाब रखा जा सकता है। यह पीओएस मशीन आनलाइन फर्टिलाइजर मानीटरिंग सिस्टम से जुड़ा हुआ है, जिसके माध्यम से यह स्पष्ट जानकारी प्राप्त की जा सकती है कि किस उर्वरक विक्रेता के पास कितनी मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। इस मशीन में प्रिंटर भी लगा हुआ है। जिससे किसानों को उर्वरक क्रय करने पर क्रय रसीद प्राप्त होगा। आगे भी पुन: कैम्प आयोजित कर अनुज्ञप्तिधारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध कराया जाएगा। वितरण कार्यक्रम में जिला परामर्शी डॉ मनोज सिंह आयुष झा, अविनाश कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डीसीआरसी स्थित ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का किया दौरा



**किशनगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा सोमवार को बाजार समिति स्थित डीसीआरसी सेंटर में ईवीएम स्ट्रांग रूम का दौरा किया गया। वहां उपस्थित मजिस्ट्रेट से वार्तालाप करते हुए डीएम ने निर्देशित किया कि जिन भी पदाधिकारी या कर्मियों का वहां पर दौर होता है उनके द्वारा लॉग बुक में एंट्री करना अनिवार्य है। वहां पर हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के किशनगंज जिला अंतर्गत प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी प्रतिनिधियों के पहचान हेतु उनको पहचान पत्र निर्गत किया जाए तथा उनके आवाजाही को भी लॉग बुक में रिकॉर्ड किया जाए।डीएम द्वारा स्वयं भी लॉग बुक में एंट्री किया गया तथा कंट्रोल रूम में बैठकर फुटेज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि वह समय-समय पर फुटेज को ध्यान पूर्वक देखते करते रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला के साथ जिला पंचायती राज पदाधिकारी जफर आलम, नगर परिषद किशनगंज के कार्यपालक पदाधिकारी परवीन कुमार तथा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

### प्रत्याशी द्वारा चुनाव खर्च का व्यय प्रेक्षक ने अंकेक्षण कर अभिलेखों की जांच की

**सहरसा,एजेंसी।** मधेपुरा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आने वाले सहरसा, सोनबरसा एवं महिषी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रति



नियुक्त व्यय प्रेक्षक अम्बरीश मिश्रा द्वारा अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग सहरसा का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की गई। अभ्यर्थियों द्वारा किये जा रहे चुनावी खर्च के तमाम ब्यौरों से संबंधित अभिलेखों की जांच कर तद्संबंधित दिशा निर्देश दिए। इससे पहले व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल सह राज्य कर संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार द्वारा व्यय प्रेक्षक का स्वागत किया गया। सभी विधानसभा वार अंकेक्षण टीम द्वारा किये गए अबतक के अभिलेखों की जांच कर अभ्यर्थियों तथा उनके लिए प्रचार करने वाले स्टार प्रचारकों की सभा, रैलियों, जुलूस तथा वाहनों द्वारा किये जा रहे चुनाव प्रचार से संबंधित सभी प्रकार के खर्चों का अंकेक्षण बारिकी से कर दैनिक प्रतिवेदन संबंधित अन्य सभी कोषांगों को एवं चुनाव आयोग को किए जाने का निर्देश दिया गया। व्यय कोषांग द्वारा गठित स्थैतिक जांच दल तथा उड़न दस्ता दल के अतिरिक्त विडियो सर्विलांस टीम एवं विडियो व्यूइंग टीम द्वारा सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है एवं सभी कार्यक्रमों की विडियो रिकार्डिंग कर अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए ब्यौरों से मिलान कर अंकेक्षण टीम द्वारा अभ्यर्थियों के खर्चे का हिसाब लगाया जा रहा है। निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने हेतु सभी दिशानिर्देशों का अक्षरश: अनुपालन व्यय कोषांग द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। व्यय प्रेक्षक द्वारा समीक्षोपरांत संतुष्टि व्यक्त की गई साथ ही आने वाले दिनों में और सतर्कता के साथ निगरानी करने का निर्देश दिया गया।

# हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक रहा है: अमित शाह

**बेगूसराय ( बिहार ),एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को झंझारपुर के बाद बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार, बंगाल, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश में इनके विभाग ने प्रधानमंत्री मोदी की सोच, सेवा, सुरक्षा और गरीब के कल्याण को धरातल पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी यदि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनते हैं तो इस बार तीन करोड़ लखपति दीदियां बनेंगी। हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक रहा है। अमित शाह ने कहा कि देश को मजबूर नहीं, बल्कि मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए में पीएम प्रत्याशी कौन होगा, इसका अब तक कोई अता-पता नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि मुझे तो लगता है कि लालू, ममता, स्टालिन, केजरीवाल और अन्य बारी-बारी से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने जनसमूह से पूछा कि क्या आप ऐसे लोगों को देश का नेतृत्व सौंपना चाहेंगे ? उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त हुआ है। राष्ट्रीय आपदा कोरोना में उनके प्रयासों का न केवल भारतीय, बल्कि विदेशी भी कायल रहे हैं।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट और लालू जैसे लोगों ने भगवान राम के साथ क्या सुलूक किया, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम मोदी के दृढ़ निश्चय से राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का मार्ग प्रशस्त हुआ। धारा 370 को हटाया गया। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा ने कहा था कि यदि धारा 370 हटाई जाएगी तो देश में खून की नदियां बहेंगी लेकिन आज मैं पूछता हूं कि खून की तो बात ही छोड़ो एक कंकड़ भी कहीं नहीं गिरा। अमित शाह ने कहा कि ये लोग फिर कह रहे हैं कि यदि हम सत्ता में आएंगे तो धारा 370 को हटा देंगे। आप



लोग हाथ उठाकर बोलिए कि क्या आप ऐसा होने देंगे ? उन्होंने कहा कि बिहार का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए जान दे सकता है। जब तक भाजपा का एक कार्यकर्ता जिंदा है तब तक किसी की मजाल नहीं है कि धारा 370 को खत्म कर सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उग्रवाद और नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। यदि आप उन्हें तीसरी बार पीएम बनाते हैं तो हमारा देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी और उनके कुशल नेतृत्व में हम भारत को नंबर वन बनाकर रहेंगे।

अमित शाह ने बरौनी रिफाइनरी और फर्टिलाइजर का उदाहरण देते हुए कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी ने बेगूसराय को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में बेगूसराय का सर्वांगीण विकास हो रहा है। न केवल आधारभूत संरचनाओं का चतुर्दिक विकास हो रहा है, बल्कि लोगों में खुशहाली आ रही है और राष्ट्रवाद की भावना भी बलवती हो रही है। शाह ने कहा कि चारा घोटालेबाज की सरकार के बाद बिहार में नीतीश और मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। यदि मोदी को आप लोग तीसरी बार पीएम बनाते हैं तो भारत दुनिया का तीसरा बड़ा अर्थतंत्र बनेगा। पाकिस्तान की हरकतों का करारा जवाब मिलेगा और भारत विश्व स्तर पर मजबूती के साथ उभरेगा। उन्होंने तीन तलाक के मुद्दे को लेकर भी विपक्ष पर जमकर हमला बोला। साथ ही पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस बार भाजपा हर हाल में यूसीसी लाने का काम करेगी। गृहमंत्री अमित शाह ने न केवल केंद्र और राज्य सरकार, बल्कि गिरिराज सिंह की उपलब्धियों को भी गिनाया और उन्हें अजेय बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 3.75 हजार गरीबों का आयुष्मान कार्ड बना है, 5.75 हजार गरीबों को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मिल रहा है, 4.20 हजार महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर मिला है, 4.75 हजार लोगों को नल से जल मिला है, 1.20 हजार किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये मिला है। शाह ने कहा कि गिरिराज सिंह के कुशल नेतृत्व में इन लाभों के अलावा सिमरिया में सिक्स लेन पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। मंसूरचक और बछवाड़ा में अस्पताल बना है। विकलांगों के लिए ढेर सारी कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अंत में उन्होंने जनसमूह से गिरिराज सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए बिहार की सभी सीटों पर एनडीए की जीत के प्रति लोगों को आश्वस्त भी किया। अमित शाह की मौजूदगी में गिरिराज सिंह ने एक बार फिर दोहराया कि उन्हें किसी भी कीमत पर राष्ट्रद्रोही, आतंकवादी और पाकिस्तान परस्त लोगों का वोट नहीं चाहिए। उन्होंने अमित शाह को भारतीय राजनीति का चाणक्य और लौहपुरुष से विभूषित करते हुए कहा कि गरीबी के कोख से पैदा लेने वाले हमारे पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार के कार्यों और पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में ही देश के सर्वांगीण विकास होने का दावा करते हुए लोगों से बहुमत देने की अपील की।

## अररिया के रानीगंज में नीतीश कुमार ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला



**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के रानीगंज में बिहार के सीएम नीतीश कुमार और बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी ने अररिया लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया ।सीएम नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि 2005 नवंबर से जब से हमें मौका मिला है, तब से बिहार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमसे पहले का राज याद है ना कोई शाम में नहीं निकलता था। पति-पत्नी का राज था, खुद हटे तो पत्नी को सत्ता दे दी। कहीं आने जाने का रास्ता नहीं था। हम लोग एमपी भी थे और केंद्र में मंत्री भी थे और अपने क्षेत्र में जाते थे, तो पैदल ही चलते थे। कहीं कोई जगह नहीं थी। क्या हालत थे, उनलोगों के जमाने में और आजकल बोलते रहते हैं। हमने तो बीच में मौका दिया था और अभी जाकर बेटा बोलते रहता है कि हमने किया है। लेकिन क्या किया, जो काम हम लोग कर रहे थे, वह भी बीच में काम किए। बोलते रहता है, क्या मतलब है। उसे क्या लेना-देना है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि 2005 से हमलोग (बीजेपी) एक साथ काम कर रहे हैं। दो बार हम इधर-उधर हुए हैं, लेकिन अब कहीं नहीं जाएंगे। आपलोगी एनडीए प्रत्यासी प्रदीप कुमार सिंह को जिताकर फिर से भेजिए। बाकी हमलोग हइए है ना जी चिंता करने का कोई बात नही है प्रदीप कुमार सिंह को भारी मतों से जीत दिलाएं।

इससे पहले मंच से लोगों को संबोधित करते हुए विजय चौधरी ने कहा कि पूरी दुनिया जिस गति से तरक्की कर रहा है। उससे दोगुनी गति से देश पीएम मोदी के नेतृत्व में तरक्की कर रहा है। वहीं पूरे देश में हमारा प्रदेश बिहार डेढ़ गुनी तेज गति से सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा । वही, मंच पर मंत्री विजय चौधरी, प्रदीप कुमार सिंह,अजय झा, आशीष पटेल, विधासागर केसरी, आलोक भगत, धीरज झा, जयप्रकाश यादव, संतोष सुराना, रमेश सिंह, दिलीप पटेल, आदित्य नारायण झा, सिकटी विधायक विजय मंडल, अचमित ऋषिदेव मौजूद रहे हैं।

## भयमुक्त और पारदर्शी चुनाव कराने को लेकर मोतिहारी पुलिस कृत संकल्पित: एसपी

**पूर्वी चंपारण।** भय मुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव कराने को लेकर मोतिहारी पुलिस कृत संकल्पित है। इसको लेकर पिछले एक साल से जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उक्त बाते सोमवार को पत्रकारो को बताते हुए एसपी कांतेश कुमार ने कहा कि विधि व्यवस्था के मद्देनजर जिला में कुल 3964 गिरफ्तारी अभी तक की गई है। 49 हजार लीटर शराब एवं 61849 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। 88 अवैध आर्म्स एवं 225 कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

जिला के सीमावर्ती क्षेत्र और जिला अंतर्गत सभी चिन्हित जगहों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। जिसमे 90 किलोग्राम चरस, 668 किलोग्राम गांजा, 425 ग्राम अफीम, ब्राउन शुगर एवं स्मैक सहित 4.5 लाख कैश, 15 ग्राम सोना और 1.5 किलो चांदी बरामद की गई है। जिला में अभी तक 126 सीसीए का प्रस्ताव पारित किया गया है और इन सभी मामलों में संबंधित व्यक्ति को क्षेत्र बदर किया गया है और उन्हें निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक सप्ताह संबंधित थाना में जाकर हाजिरी लगाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला को पर्याप्त संख्या में केंद्रीय पैरामिलिट्री फोर्स और जिला पुलिस के जवान मिल रहे हैं। चुनाव कराने में फोर्स की कमी नहीं



होगी।सभी मतदान केंद्रों पर बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष नजर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि फोर्स के ठहराव के लिए आवासन स्थल पर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। आदर्श आचार संहिता का पूरे जिले में दृढ़ता के साथ पालन कराया जा रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए भी अलग से निर्देश दिया गया है। उन्होंने मीडिया से भ्रामक खबर से बचने की सलाह देते कहा ऐसी खबरो को रोकने की जिम्मेदारी मीडिया की है। उन्होने कहा कि जो भी सूचना मीडिया के माध्यम से मिलेगी उस पर भी त्वरित कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त अनुमंडल पदाधिकारी सदर,उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नशा का सेवन करने वाले तथा कारोबारी दो सौ ग्राम स्मैक के साथ पांच गिरफ्तार

**सहरसा,एजेंसी।** बिहार में नशाबंदी कानून लागू होने के बाद शराब की बिक्री बंद कर दी गई ।उसके बाद सेवन करने वाले लोग उसमें भी खासकर युवा वर्ग अन्य घातक व जानलेवा नशे के लिए कोरेक्स, सुलेसन,गांजा के साथ साथ अब स्मैक का सेवन करने लगे है ।इसी कड़ी मे रविवार को संध्या गश्ती के दौरान पांच लोगों को दो सौ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुअनि जयप्रकाश नारायण सिंह ने लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।वर्तमान में टीओपी वन सदर थाना सहरसा में पदस्थापित है ।उन्होंने बताया कि संध्या गश्ती के क्रम में रात्रि समय करीब 21=10 बजे फकीर टोला स्थित वीर कुंवर सिंह उच्च विद्यालय के पास अवस्थित विद्यालय कैम्पस के पास पहुंचे तो देखे कि कैम्पस के अंदर 04-05 युवक बैठकर आपस में बातचीत करते हुए धुम्रपान कर रहे हैं। जो पुलिस बल को देखते ही पांच युवक में से एक युवक हाथ में काला पन्नी लेकर भागने का प्रयास करने लगे। भाग रहे उक्त युवकों पर संदेह होने पर दौड़कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। तलाशी के क्रम में कुमार गौरव के दाए हाथ में रखे काला रंग का पन्नी से बिहार एक्सप्रेस तम्बाकू के पुड़िया से उजला,पीला रंग के पाउडर जैसा पदार्थ, एवं वजन करने वाला ईलेक्ट्रिक मशीन बरामद हुआ।

पकड़ाये पांचो युवक से बरामद पाउडर जैसा पदार्थ के संबंध में पूछने पर बताया कि उजला,पीला रंग का पाउडर स्मैक है, जिसका उपयोग नशा में किया जाता है। जिसको वजन करके हम पांचो साथी बेचते और सेवन करते है।



बरामद बिहार एक्सप्रेस तम्बाकू के पुडिया से उजला,पीला स्मैक पाउडर जैसा पदार्थ का बरामद ईलेक्ट्रिक वजन मशीन से वजन करने पर पुड़िया सहित करीब 202 ग्राम मात्रा पाया गया। उपरोक्त पदार्थ बरामदगी से संबंधित सूचना वरीय पदाधिकारी को दिये। तत्पश्चात बरामद स्मैक जैसा पदार्थ, वजन करने वाला ईलेक्ट्रिक मशीन का तलाशी सह जप्ती सूची तैयार कर जब्त किया गया जिसपर उपरोक्त दोनो स्वतंत्र साक्षियों ने स्वेच्छा से अपना-अपना हस्ताक्षर बना दिये, जिसकी एक-एक प्रति पकड़ाये पांचो युवक को हस्तगत कराते हुए विधिवत पांचो का गिरफ्तारी मेमो बनाकर गिरफ्तार किया। इस प्रकार अवैध मादक पदार्थ का नशे के रूप में उपयोग करने हेतु रखना, खरीद-बिकी करना एक संज्ञेय अपराध है,जिसके आरोप में विपीन कुमार उम्र-24 वर्ष, निहाल जयसवाल उम्र 24 वर्ष, आशीष कुमार उम्र-24, कुमार गौरव उम्र-29 मो0 अली उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। पांचो को जप्ति-सूची के अनुसार बरामद स्मैक, वजन करने वाला ईलेक्ट्रिक मशीन को साथ लेकर थाना आये तथा टंकित आवेदन के साथ अग्रीम कार्रवाई हेतु सुपूर्द किया।

## रहस्मय ढंग से लापता ड्रग्स तस्कर बबलू को नेपाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पिछले तीन दिन पूर्व रहस्मय ढंग से गायब ड्रग तस्कर व कुख्यात अपराधी बबलू पासवान को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसके साथ इस मामले का पटाक्षेप हो गया है। तीन दिन पूर्व बबलू की पत्नी ने रक्सौल थाना में आवेदन देकर हरैया ओपी प्रभारी पर बबलू के गायब करने का आरोप लगाया था,जिसके बाद एसपी कांतेश मिश्रा के निर्देश पर रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार इसकी जांच कर रहे थे। इस बीच नेपाल के पर्सा जिला के एसपी कुमोध ढुंगेल ने बताया कि जिस ड्रग तस्कर बबलू को रक्सौल पुलिस ढुंढ रही है,उसे नेपाल पुलिस ने तीन दिन पूर्व बीरगंज चेक पोस्ट से गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि बबलू पासवान नेपाल में मादक पदार्थ व प्रतिबंधित ड्रग्स का बड़ा सप्लायर होने के साथ काठमांडू के गोथातर कांड का मुख्य आरोपी था, जिसकी खोज की जा रही थी। इस क्रम में चेक पोस्ट पर जांच के दौरान बबलू को बीरगंज में प्रवेश करते देखा गया, जिसे रोकने को कहा गया तो वह भागने लगा। पुलिस ने जब उस पर फायरिंग की तो एक गोली उसके दाएं पैर में लगी है,जिसके बाद उसे तत्काल गिरफ्तार कर इलाज के लिए नारायणी हॉस्पिटल लाया गया। यहां उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक पिस्टल और मादक पदार्थ बरामद किया गया। एसपी ढुंगेल ने बताया कि बबलू और उसके सहयोगियो पर सितंबर 2022 में काठमांडू के कागेश्वरी मनोहरा नगर पालिका-8 के गोथातर में लाल मोहम्मद की हत्या का आरोप है। एसपी के अनुसार बबलू ने ही गोथातर में मोहम्मद दर्जी एवेंजर इंटरप्राइजेज वर्ल्ड बेस्ट गारमेंट नाम से दुकान चलाने वाला लालमोहम्मद की हत्या की साजिश रची थी। बताते चले कि लालमोहम्मद का भी कार्यशैली संदिग्ध था। उस पर ISI और दाउद गैंग से साठगांठ कर भारत विरोधी गतिविधियो को अंजाम देने का आरोप है। बताया जा रहा है,पाक हैंडलरो के इशारे नकली भारतीय नोट की तस्करी के साथ मादक द्रव्यो की तस्करी का भी उस पर आरोप था।

## जिलाधिकारी ने पंचायत संसाधन केंद्र का किया निरीक्षण

**किशनगंज,एजेंसी।** जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा सोमवार को पंचायती राज विभाग अंतर्गत डीपीआरसी अर्थात जिला पंचायत संसाधन केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान डीएम ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को जल्द से जल्द डीपीआरसी केंद्र के संचालित कराने हेतु निर्देश दिया। पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण समयबद्ध एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। पंचम राज्य वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में पंचायत के सशक्तिकरण के लिए राज्य स्तर पर राज्य पंचायत संसाधन केंद्र एवं राज्य के प्रत्येक जिले में जिला पंचायत संसाधन केंद्र स्थापित करने का निर्णय राज्य सरकार के द्वारा लिया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य प्रशिक्षण केंद्र में जहां मुख्यत: गुणवत्ता पूर्वक प्रशिक्षण के उद्देश्य से नीति निर्माण अनुसंधान एवं संसाधन सामग्री आदि विकसित की जाएगी वहीं जिला पंचायत संसाधन केंद्र के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को अधिनियम में प्रावधानित विषयों तथा कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन संस्थानों में प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुसंधान अभिलेखों के प्रलेखन के कार्य भी किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण केंद्र का उपयोग सरकार के अन्य विभागों द्वारा भी अपने विषय से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम



आयोजित करने के लिए भी किया जा सकेगा। यह सभी कार्य परियोजना निर्देशक तथा प्राचार्य के निर्देशन में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र में पूंजी व्यय एवं रखरखाव लागत का प्रावधान किया गया है।

## एक नजर

### गाजा में युद्ध जारी रहा तो इजरायल के साथ कोई समझौता नहीं- हमास



**गाजा,एजेंसी।** हमास के एक अधिकारी ने कहा है कि इजरायल अगर गाजा में युद्ध समाप्त नहीं करता है तो वो उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू जुहरी ने रविवार को एक बयान में कहा कि समूह ऐसे किसी भी समझौते को स्वीकार नहीं करेगा जिसमें गाजा में युद्ध की समाप्ति शामिल नहीं है। अबू जुहरी ने कहा कि मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल की प्रतिक्रिया का अध्ययन किया जा रहा है और इसके बारे में किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। इससे पहले एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने हमास के साथ बंधक समझौते तक पहुंचने के प्रयास को निर्णायक बताया। अधिकारी ने कहा, हम हमास नेता याह्या सिनवार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल ने उत्तरी गाजा में विस्थापित व्यक्तियों की वापसी के संबंध में महत्वपूर्ण रियायत दी है। शनिवार को, हमास ने घोषणा की थी कि उसे गाजा युद्धविराम पर इजरायल की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिली है, जिसे 13 अप्रैल को मध्यस्थ मिस्त्र और कतर को सौंप दिया गया था। उस समय, हमास ने अपनी मांगों को दोहराया, जिनमें स्थायी युद्धविराम, गाजा से (इजरायली) सेना की वापसी, विस्थापितों की उनके क्षेत्रों और निवास स्थानों पर वापसी, पट्टी के लिए राहत और सहायता में वृद्धि और इसके पुनर्निर्माण की शुरुआत शामिल है। इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी लगभग 134 इजरायली बंधक हैं, जबकि हमास ने घोषणा की कि उनमें से 70 इजरायली अंधाधुंध हवाई हमलों में मारे गए हैं।

### जापान की सत्तारूढ़ एलडीपी उपचुनाव में निचले सदन की तीन सीटें हारी



**टोक्यो,एजेंसी।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) निचले सदन के लिए हुए तीन सीटों पर उपचुनाव हार गई है। विपक्ष को यहां बड़ी जीत मिली है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापान की कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (सीडीपी) को रविवार को हुए तीन महत्वपूर्ण उप-चुनाव में बड़ी जीत मिली है। पिछले साल के अंत में एलडीपी के स्लश फंड घोटाले के सामने आने के बाद यह पहला चुनाव था जो शिमाने और नागासाकी प्रान्तों के साथ-साथ टोक्यो में भी आयोजित किया गया। ये सीटें पहले कंजर्वेटिव एलडीपी के पास थीं। स्थानीय विश्लेषकों ने बताया कि घोटाले के प्रति जनता का असंतोष इस चुनाव में देखने को मिला। एलडीपी महासचिव तोशिमित्सु मोतेगी ने जनता की तीखी प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए प्रेस को बताया, पूरे चुनाव अभियान के दौरान हमें राजनीतिक रूप से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। किशिदा की पार्टी के सदस्यों ने रविवार के उप-चुनाव से पहले चेतावनी दी थी कि मतदाताओं के गुस्से के कारण अगले आम चुनाव के बाद सरकार बदल सकती है।

### राफा में इजरायली हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत

**गाजा,एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में रविवार रात तीन आवासीय इमारतों पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं और नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में बताया किया कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटे में 66 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 138 अन्य को घायल कर दिया। पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 34,454 हो गई है जबकि 77,575 लोग घायल हो गए।

### मेक्सिको में बस पलटने से तीर्थ यात्रा पर जा रहे 14 लोगों की मौत



**मेक्सिको सिटी,एजेंसी।** मध्य मेक्सिको में मालिनाल्को के पास एक बस के पलट जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। सभी पीड़ित तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। स्थानीय मैक्सिकन सुरक्षा सचिवालय ने एक बयान में बताया कि दुर्घटना रविवार सुबह कैपुलिन-चाल्मा राजमार्ग पर हुई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए चिकित्सा इकाइयां भी घटनास्थल पर पहुंचीं। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि चालक ने बस पर नियंत्रण कैसे खो दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, गुआनाजुआतो राज्य के तीर्थ यात्री मेक्सिको सिटी के दक्षिण-पश्चिम में एक ईसाई तीर्थ स्थल चाल्मा जा रहे थे जो मेक्सिको के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है।

# एस्ट्राजेनेकाने माना उसकी वैक्सीन के हो सकते हैं दुष्प्रभाव

**लंदन,एजेंसी।** मशहूर दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार अदालती दस्तावेजों में स्वीकार किया है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन से दुर्लभ टीटीएस सिंड्रोम जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जो जानलेवा है। ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने गत फरवरी में ब्रिटेन के उच्च न्यायालय में वैक्सीन के साइड इफेक्ट की बात स्वीकार की है। कंपनी ने माना है कि कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया नामों के तहत बेची जाने वाली वैक्सीन बहुत ही बिरले मामलों में दुर्लभ दुष्प्रभाव का कारण बन सकती है।

गौरतलब है कि कंपनी एक मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उसके टीके को लगवाने वालों की मौत हुयी और गंभीर दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो बच्चों के पिता जेमी स्कॉट ने पिछले साल कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने खून का थक्का जमने की शिकायत की थी, जिससे वे काम करने में असमर्थ हो गए थे। कथित तौर पर अप्रैल 2021 में वैक्सीन लेने के बाद उनके मस्तिष्क में विकार उत्पन्न हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश उच्च न्यायालय में वैक्सीन के साइड इफेक्ट के 51 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें पीड़ितों और परिजनों ने 10 करोड़ पाउंड (लगभग 1000 करोड़ रुपये) तक के अनुमानित हर्जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने पहले वैक्सीन के चलते टीटीएस की संभावना से इनकार किया था। कंपनी ने मई 2023 में कहा था कि वह नहीं मानती है कि टीटीएस सिंड्रोम वैक्सीन के कारण होता है। अब कंपनी ने फरवरी में उच्च न्यायालय में पेश किए गए कानूनी दस्तावेजों में ने कहा, यह माना जाता है कि एस्ट्राजेनेका वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। इसके होने की वजह ज्ञात नहीं है।




## युद्ध के समय पाकिस्तान आए लाखों अफगान लोग अब निर्वासन की आशंका के मद्देनजर छिप रहे हैं

**कराची।** पिछले साल अक्टूबर से करीब छह लाख अफगान लोगों को पाकिस्तान से उनके घर वापस भेजा जा चुका है लेकिन अफगानिस्तान के कम से कम दस लाख शरणार्थी अब भी पाकिस्तान में हैं तथा निर्वासन की आशंका में यह लोग छिप-छिपकर रह रहे हैं। पाकिस्तान में रह गए ये लोग अफगानिस्तान नहीं जाना चाहते। निर्वासन के डर से उन्होंने सार्वजनिक आवाजाही कम कर दी है, अपनी नौकरियां छोड़ दी हैं और अपने घरों के आसपास भी बहुत कम निकलते हैं। उनके लिए आजीविका कमाना, किराये पर घर लेना, खाने-पीने का सामान खरीदना या इलाज कराना बहुत मुश्किल हो गया है क्योंकि उन्हें पुलिस द्वारा पकड़े जाने या पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा उनके बारे में अधिकारियों को बताए जाने का जोखिम है। कराची में पुलिस ने 18 साल के एक किशोर की नकदी, फोन और मोटरसाइकिल छीनकर उसे निर्वासन केंद्र में भेज दिया था। वहां से उसे अफगानिस्तान भेज दिया गया।



उसके माता-पिता करीब 50 साल पहले अफगानिस्तान छोड़कर यहां आए थे। वह इससे पहले कभी अफगानिस्तान नहीं गया और उसके पास जाते वक्त कपड़ों के अलावा कुछ नहीं था। अफगानिस्तान में युद्ध के हालात के बीच ऐसे कम से कम 17 लाख लोगों ने पाकिस्तान में शरण ली थी। हालांकि वे पाकिस्तान में बिना किसी कानूनी अनुमति के रहते रहे लेकिन अब पाकिस्तान ने उन्हें अफगानिस्तान वापस भेजने के लिए अभियान चला रखा है। करीब 15 साल की उम्र से वाहन मेकेनिक के रूप में काम कर रहे एक युवक ने पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर बातचीत में गिरफ्तारी और निर्वासन का अंदेशा जताया। उसने यहां रहने के लिए दस्तावेजों की खातिर आवेदन किया है लेकिन उसे ऐसे कागज मिलने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान अफगान शरणार्थियों या उनके बच्चों को कागजात जारी नहीं कर रहा है। युवक ने कहा, ''मेरी जिंदगी यहां है। अफगानिस्तान में मेरा कोई दोस्त, परिवार, कुछ भी नहीं है।''

## पुतिन ने शायद रूसी विपक्षी नेता नवलनी की मौत का आदेश नहीं दिया था : अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का मानना है कि संभवतः रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जेल में सजा काट रहे विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की फरवरी में मौत का आदेश नहीं दिया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि पुतिन ही अंततः नवलनी की मौत के लिए जिम्मेदार थे क्योंकि जब वह जेल में बंद थे तो उन्हें क्रूर परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था, वहीं खुफिया अधिकारियों के पास इस बात के प्रमाण हैं कि पुतिन को नवलनी की मौत होने के बारे में पहले से ही जानकारी थी। पुतिन के दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के तुरंत बाद ही नवलनी की मौत हो गई थी। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर नवलनी की मौत के संवेदनशील मामले पर चर्चा की। नवलनी की मौत के तुरंत बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसके लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पर यह आरोप नहीं लगाया था कि उन्होंने ही नवलनी को मारने का आदेश दिया था।

बाइडन ने तब कहा था कि हमें यह नहीं पता कि नवलनी के साथ क्या हुआ था, लेकिन इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि नवलनी की मौत के लिए पुतिन और उनके सहयोगी जिम्मेदार थे। रूस के जाने-माने विपक्षी राजनेता और पुतिन के सबसे कट्टर दुश्मन नवलनी का फरवरी में निधन हो गया था। वह उस समय 47 वर्ष के थे। नवलनी को उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा सुनाई गई थी, हालांकि उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित बताया था। वह जनवरी 2021 से जेल में थे।

## दक्षिण कोरिया का दावा, उत्तर कोरिया ने दोनों देशों को जोड़ने वाली सड़क पर बारूदी सुरंगें बिछाईं

**सोल,एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के एक सैन्य अधिकारी ने सोमवार को दावा किया कि उत्तर कोरिया ने सीमा पार सड़कों को बंद करने के लिए दोनों कोरिया को अलग करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) के भीतर एक अंतर-कोरियाई सड़क पर बारूदी सुरंगें स्थापित की हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि सेना ने पिछले साल के अंत में सोल से 85 किमी उत्तर-पूर्व में चेओरवोन में एरोहेड हिल के पास डीएमजेड के अंदर कच्ची सड़क पर उत्तर की ओर से माइंस बिछाने का पता लगाया था।



यह रास्ता 1950-53 के कोरियाई युद्ध के दौरान पहाड़ी के पास मारे गए लोगों के अवशेषों की खुदाई के संयुक्त प्रयासों के लिए दक्षिण और उत्तर को जोड़ने के लिए 2018 के अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते के तहत बनाया गया था। पिछले साल के अंत से, उत्तर कोरिया ने दोनों कोरिया के बीच सभी सड़कों पर बारूदी सुरंगें लगा दी हैं। जनवरी में, उत्तर कोरियाई सैनिकों को दो अंतर-कोरियाई सड़कों - दक्षिण कोरिया के पश्चिमी सीमावर्ती शहर पाजू और उत्तर कोरिया के काएसोंग के बीच ग्योंगुई सड़क और पूर्वी तट के साथ डोंगहे सड़क- पर बारूदी सुरंगें लगाते हुए देखा गया था। पिछले महीने, सेना ने यह भी पाया था कि उत्तर कोरिया ने दोनों सड़कों पर दर्जनों स्ट्रीट लाइटें हटा दी हैं। यह कदम उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन द्वारा दक्षिण कोरिया के साथ एकीकरण की दशकों पुरानी नीति को खत्म करने और उनके संबंधों को एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण दो राज्यों के रूप में परिभाषित करने के आह्वान के बाद उठाया गया। जनवरी में, किम ने सीमा पर अंतर-कोरियाई संचार के सभी चैनलों को अवरुद्ध करने के लिए सख्त उपायों के निर्देश दिए, जैसे कि ग्योंगुई भूमि मार्ग को अपरिवर्तनीय स्तर तक काट देना।

## फिर से पश्चिम एशिया की यात्रा पर पहुंच रहे हैं ब्लिंकन

**रियाद,एजेंसी।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा शुरू की। करीब छह महीने पहले इजराइल-हमास युद्ध के शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र का यह उनका सातवां राजनयिक मिशन है जिसमें वह इजराइल की यात्रा भी करेंगे।

हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए घातक हमले के बाद से युद्ध जारी है। इसमें 34,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और गाजा में मानवीय संकट गहरा रहा है। इस युद्ध के बाद दुनियाभर में प्रदर्शन हुए हैं और हिंसा की आंच अमेरिका में कॉलेजों के परिसरों तक पहुंच गई है। इजराइल के लिए अमेरिका के समर्थन की आलोचना भी हो रही है।



ब्लिंकन अपनी इस यात्रा में सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल का दौरा करेंगे। उनकी इस यात्रा से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को फोन पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। ब्लिंकन की यात्रा पश्चिम एशिया में संघर्ष की स्थिति को लेकर नए सिरे से सामने आई चिंताओं के बीच हो रही है। अमेरिका के विदेश मंत्री इस यात्रा में इजराइल-हमास युद्ध विराम पर, गाजा के लिए मानवीय सहायता पर, गाजा के भविष्य और इजराइल-सऊदी अरब के रिश्तों को सामान्य करने पर बातचीत कर सकते हैं।

## इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बढ़ते दबाव के बीच बाइडन और नेतन्याहू ने की बात




**तेल अवीव।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से ऐसे समय में एक बार फिर वार्ता की जब इजराइल और हमास के बीच कुछ इजराइली बंधकों को मुक्त करने और गाजा में युद्ध विराम के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने रविवार को यह जानकारी दी।

'व्हाइट हाउस' ने एक बयान में बताया कि गाजा के दक्षिणी छोर पर स्थित रफह शहर पर आक्रमण करने की इजराइल की योजना के बीच बाइडन ने अपने ''स्पष्ट रुख'' को दोहराया। रफह में 10 लाख से अधिक फलस्तीनियों ने शरण ली है और दुनिया भर के देशों ने इजराइल के आक्रमण की इस योजना को लेकर चिंता व्यक्त की है।

अमेरिका ने भी मानवीय आधार पर हमले का विरोध किया है जिसके कारण सहयोगी देशों-अमेरिका एवं इजराइल के संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजराइल की यात्रा करेंगे। बयान के अनुसार, बाइडन ने नेतन्याहू से फोन पर बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि गाजा को मानवीय सहायता पहुंचाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ने और इस आपूर्ति को बढ़ाने की आवश्यकता है। अमेरिका के एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि दोनों नेताओं के बीच फोन पर करीब एक घंटे बात हुई और वे इस बात पर सहमत हुए कि वार्ता के दौरान नया प्रस्ताव स्वीकार करने की जिम्मेदारी हमास पर होगी। नेतन्याहू के कार्यालय ने इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी है।

## ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने घरेलू हिंसा को ''राष्ट्रीय संकट'' बताया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने महिलाओं के साथ हिंसा के खिलाफ हजारों लोगों द्वारा देशभर में प्रदर्शन किए जाने के बाद सोमवार को घरेलू हिंसा को ''राष्ट्रीय संकट'' बताया। ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में रविवार को हजारों लोगों ने इस साल कथित तौर पर लैंगिक हिंसा के कारण 27 महिलाओं की मौत पर ध्यान दिलाने के लिए प्रदर्शन किया।

अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि ये रैलियां ऑस्ट्रेलियाई सरकार के सभी स्तरों पर लैंगिक हिंसा को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान थीं।

उन्होंने 'नाइन नेटवर्क' टेलीविजन से कहा, ''बिल्कुल साफ है कि हमें और कदम उठाने की जरूरत है। केवल सहानुभूति रखना ही पर्याप्त नहीं है। तथ्य यह है कि.औसतन हर चार दिन में एक महिला अपने साथी के हाथों मारी जाती है, यह एक राष्ट्रीय संकट है। अल्बनीज ने कहा कि वह इस समस्या से निपटने के लिए समन्वित प्रयासों पर चर्चा करने के लिए बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे।

## यूक्रेन में जन्मी अमेरिकी सांसद ने अपनी मातृभूमि की मदद संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया



**शेरिडन (अमेरिका)।** यूक्रेन में जन्मी पहली और इकलौती रिपब्लिकन सांसद विक्टोरिया स्पार्ट्ज ने अमेरिकी संसद में, रूस के खिलाफ युद्ध में अपने मूल देश का सबसे पहले समर्थन किया था लेकिन जब हाल में सदन में युद्ध प्रयास के तहत यूक्रेन को 61 अरब डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसके खिलाफ वोट किया। इसके बजाय उन्होंने अमेरिकी निधि की बेहतर निगरानी का आह्वान किया और यूक्रेन को ''ब्लैंक चेक'' देने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की सीमा सुरक्षा ज्यादा बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। उनका यह कदम सदन में उनकी पार्टी रिपब्लिकन और उनके इंडियाना कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के मतदाताओं के रुख के अनुरूप है। इस सहायता पैकेज में इजराइल, ताइवान और अन्य देशों के लिए सहायता भी शामिल थी। सदन ने इसे 20 अप्रैल को स्वीकृति दे दी, सीनेट ने मंगलवार को इस पर मुहर लगायी और राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को इस पर हस्ताक्षर कर इसे कानून की शक्ल दे दी। स्पार्ट्ज ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा, ''मेरी जिम्मेदारी अमेरिकी लोगों की सुरक्षा है। इंडियाना राज्य के पूर्व प्रतिनिधि और राजनीतिक टिप्पणीकार माइक मर्फी ने एक साक्षात्कार में कहा कि इन दिनों यूक्रेन के लिए फंडिंग रिपब्लिकन मतदाताओं के लिए प्राथमिकता नहीं है। स्पार्ट्ज ने दोबारा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। 5वीं डिस्ट्रिक्ट सीट के लिए उनके ज्यादातर विरोधियों ने कहा है कि यूक्रेन को निधि भेजने से कहीं बड़ी प्राथमिकता अमेरिका-मेक्सिको सीमा की रक्षा होनी चाहिए। गौरतलब है कि 2022 में एक संवाददाता सम्मेलन में भावुक दिखायी दीं स्पार्ट्ज ने यूक्रेन पर रूस के हमले को ''नरसंहार'' बताया था।

## एक नजर

### तीरंदाज दीपिका कुमारी को टॉप्स योजना में फिर से किया गया शामिल



**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 133वीं बैठक के दौरान तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में फिर से शामिल किया है, ताकि उन्हें लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद मिल सके, जो वर्ष 2028 में होगा। दीपिका, जिन्होंने मातृत्व अवकाश लिया था, ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है और इस साल की शुरुआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, तीरंदाज प्रवीण जाधव को डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में और पैरा-पावरलिफ्टर अशोक को टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। इससे पहले रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्टार भारतीय निशानेबाज दीपिका कुमारी ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को 6-0 से हराकर महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक अर्जित किया। हालाँकि, वह स्वर्ण पदक मैच में दक्षिण कोरिया की लिम सिह्योन से हार गईं। ब्रेक के बाद अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में वापसी पर दीपिका का यह लगातार दूसरा पदक था। इस बीच, स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को भी 2028 में एलए ओलंपिक की तैयारी के लिए टॉप्स में शामिल किया गया है। अक्टूबर 2023 में 2028 ओलंपिक आयोजन समिति ने लॉस एंजिल्स में खेलों के 2028 संस्करण में स्क्वैश को शामिल किया। पिछले दो दशकों में स्क्वैश में भारत के प्रदर्शन को देखते हुए, विशेष रूप से राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में, एमओसी ने अपने टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में तीन स्क्वैश खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला किया, ताकि उन्हें वैश्विक आयोजन की तैयारी के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके।

### डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप II: भारतीय पैरा-निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित जीते पांच पदक




**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा-निशानेबाजों ने रविवार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दक्षिण कोरिया के चांगवोन में वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स (डब्ल्यूएसपीएस) विश्व कप में दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। भारतीय पैरा-निशानेबाजों ने 22 अप्रैल को कोरियाई शहर में शुरू हुए और 1 मई तक चलने वाले वर्ष के दूसरे विश्व कप में रविवार को कुल मिलाकर दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारत के लिए स्वर्ण पदक मिक्स 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निहाल सिंह और भक्ति शर्मा और पी1 पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में संजीव कुमार गिरी ने जीते। पी2 महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भक्ति शर्मा और पी5 10 मीटर एयर स्टैंडर्ड पिस्टल मिक्स्ड एसएच1 में भाटीवाल विकास और संदीप कुमार के साथ आकाश कुमार की जोड़ी ने भारत के लिए दो रजत पदक जीते। आकाश कुमार ने रविवार को पी5 10 मीटर एयर स्टैंडर्ड पिस्टल मिक्स्ड एसएच1 व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। बता दें कि 27 देशों के लगभग 125 निशानेबाज सीज़न के दूसरे विश्व कप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए एक बिल्ड-अप इवेंट है। कई यूरोपीय एथलीटों के लिए, यह विश्व कप मई में यूरोपीय चैंपियनशिप से पहले एक अभ्यास कार्यक्रम के रूप में भी काम कर रहा है।

### बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टी20 टीम की घोषणा की, शान्तो करेंगे कप्तानी




**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को आगामी जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टी20 टीम की घोषणा कर दी है। शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति में बल्लेबाज नजमुल हुसैन शान्तो टीम का नेतृत्व करेंगे। वनडे विश्व कप 2023 के समापन के बाद, शाकिब ने उंगली की चोट और आंख की स्थिति के कारण क्रिकेट से ब्रेक ले लिया था। भले ही उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में वापसी की, लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए टी20 टीम में अपनी जगह बनाने में असफल रहे। हालाँकि, गेंदबाजी ऑलराउंडर मोहम्मद सैफुद्दीन ने बांग्लादेश के लिए टी-20 टीम में वापसी की है। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2022 में खेला था और उसके बाद वह 20 ओवर की टीम में अपनी जगह बनाने में असफल रहे। 27 वर्षीय क्रिकेटर ने बांग्लादेश के लिए 34 टी-20 में भाग लिया है। टीम में वनडे ओपनर तंजीद हसन भी हैं जिन्होंने अभी तक बांग्लादेश के लिए 20 ओवर का मैच नहीं खेला है। यह टीम आगामी टी20 विश्व कप 2024 को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। बांग्लादेश मई में पांच मैचों की टी20 सीरीज में जिम्बाब्वे से भिड़ेगा। पहले तीन मैच 3, 5 और 7 मई को चट्टोग्राम में होंगे। इसके बाद बाकी बचे दो मैच 10 और 12 मई को ढाका में खेले जाएंगे।

**पहले तीन टी20 मैच के लिए बांग्लादेशी टीम इस प्रकार है**

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), लिटन दास, तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदोय, महमूदुउल्लाह, जेकर अली अनिक, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, परवेज हुसैन इमोन, तनवीर इस्लाम, अफीफ हुसैन, सैफुद्दीन।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराया




**कोलकाता,एजेंसी।** वरुण चक्रवर्ती के 16 रन देकर तीन विकेट और उसके बाद फिल सॉल्ट (68) और कप्तान श्रेयस अय्यर नाबाद (33) की शानदार पारियों की बैदालत कोलकाता नाइट राइडर्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 47वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हरा दिया है। धीमी पिच पर 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 79 रन जोड़े। सातवें ओवर में अक्षर पटेल ने सुनील नारायण को फ्रेजर के हाथों कैच आउट कराकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद नौवें ओवर में अक्षर ने फिल सॉल्ट को बोल्ड आउट कर कुछ उम्मीद जगाई। सुनील ने 10 गेंदों में 15 रन बनाये। वहीं फिल सॉल्ट ने 33 गेंदों में सात चौके और पांच छक्के लगाते हुए (68) रन बनाये। रिंकू सिंह 11 रन बनाकर आउट हुये। श्रेयस अय्यर (33) और वेंकटेश अय्यर (26) रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। कोलकाता की नौ मैचों में यह छठी जीत है। दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल ने दो विकेट लिये। लिज़ाड विलियम्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कुलदीप यादव नाबाद (34) और कप्तान ऋषभ पंत (27) रनों की पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत के लिए 154 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां ईडन गार्डंस में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही और दूसरे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ (13) का विकेट गवां दिया। उन्हें वैभव अरोड़ा ने आउट किया। अगले ही ओवर में जेक फ्रेजर-मर्क्ग भी (12) पर पवेलियन लौट गये। इसके बाद तो कोलकाता के गेंदबाजों के आगे दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिकता नजर नहीं आया और एक के बाद एक लगातार विकेट गिरने लगे। अभिषेक पोरेल (18), शे होप (6), अक्षर पटेल (15), ट्रिस्टन स्टब्स (4), कुमार कुशाग्र (1) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान ऋषभ पंत ने 27 रनों की पारी खेली। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने आउट किया। कुलदीप यादव और रसिख सलाम ने नौवें विकेट के लिय 29 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रसिख सलाम आठ रन बनाकर आउट हुये। लिज़ाड विलियम्स (1) रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं कुलदीप यादव ने 26 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक नाबाद 34 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 153 रनों का सम्मानजक स्कोर खड़ा किया। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट लिये। वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा को दो-दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, और सुनील नारायण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कोहली ने हासिल की विराट उपलब्धि, सातवीं बार आईपीएल में छुआ 500 रनों का आंकड़ा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली सातवीं बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 500 रन के आंकड़े तक पहुंच गए हैं। इसी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर के साथ उन बल्लेबाजों की विशिष्ट कंपनी में शामिल हो गए हैं जिन्होंने सबसे अधिक बार यह उपलब्धि हासिल की है। विराट आईपीएल के सात सीज़न में 500 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में विराट शानदार लय में दिखे और उन्होंने 44 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन बनाए। उनके रन 159.09 की स्ट्राइक रेट से आए।

मौजूदा आईपीएल सीज़न में, विराट 10 पारियों में 71.42 की औसत और 147.49 की स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं, वह इस सीज़न में अभी तक अग्रणी रन-स्कोरर हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113* है। उन्होंने पहली बार आईपीएल 2011 में 500 का आंकड़ा पार किया। वह क्रिस गेल (608 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 16 मैचों में 46.42 की औसत और 121.09 की स्ट्राइक रेट से 557 रन बनाए। उनके बल्ले से चार अर्धशतक निकले, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 71 रहा। इसके बाद उन्होंने 2023 में 500 का आंकड़ा छुआ। विराट माइकल हसी (733) और क्रिस गेल (708) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 16 मैचों में 45.29 की औसत और 138.73 की स्ट्राइक रेट से छह अर्धशतकों के साथ 634 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 99 था। आरसीबी के लिए कप्तान के रूप में यह उनका पहला सीज़न भी था। विराट ने इसके बाद 2015 में 500 के आंकड़े को छुआ। विराट ने आईपीएल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 16 मैचों में 45.91 की औसत और 130.83 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतकों के साथ 505 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 82* था। विराट पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। इसके बाद 2016 सीज़न में विराट ने 16 मैचों में 81.08 के औसत और 152.03 के स्ट्राइक रेट से 973 रन बनाए और अकेले दम पर फ्रेंचाइजी को फाइनल में ले गए। इस दौरान उन्होंने चार शानदार शतक और सात अर्धशतक लगाए। उनके एक सीज़न में बनाए गए इन रनों का रिकॉर्ड आठ साल बाद भी अटूट है। विराट के लिए 2018 सीज़न भी शानदार रहा। विराट ने 48.18 की औसत और 139.11 की स्ट्राइक रेट से 530 रन बनाए। उन्होंने 92* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ चार अर्धशतक बनाए। इस वर्ष वह सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। 2023 में विराट ने 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की स्ट्राइक रेट से 639 रन बनाए, जिसमें दो शतक और छह अर्द्धशतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 101* था। विराट चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। बता दें कि विराट आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, उन्होंने 247 मैचों और 239 पारियों में 38.43 की औसत और 131.02 की स्ट्राइक रेट से 7,763 रन बनाए हैं। उन्होंने आठ शतक और 54 अर्द्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113* है।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट ने टी20 विश्व कप से पहले जीता फैंस का दिल




**नई दिल्ली,एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोमवार को टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करने का एक अनोखा तरीका अपनाया। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का ऐलान चयनकर्ताओं ने नहीं बल्कि दो बच्चों ने किया। बच्चों में लड़की का नाम मटिल्डा और लड़के का नाम एंगस है। एनजेडसी की इस पहल ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। एनजेडसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इसका वीडियो शेयर किया है।

वीडियो में बच्चों ने कहा, सभी को गुड मॉर्निंग। यहां आने के लिए धन्यवाद। मैं मटिल्डा हूं... मैं एंगस हूं। हमें वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए ब्लैक कैप्स टीम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके बाद बच्चों ने एक-एक कर सभी खिलाड़ियों का नाम बताया। क्रिकेट फैंस न्यूजीलैंड क्रिकेट की इस पहल से काफी खुश हैं। उनका मानना है कि ऐसा सिर्फ न्यूजीलैंड ही कर सकती है। साथ ही फैंस अन्य बोर्डों को भी ऐसा कुछ नया तरीका अपनाने का सुझाव दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आप इसे हमेशा प्यारे तरीके से करेंगे। दूसरे ने कहा, विश्व कप टीम की घोषणा करने का आपका तरीका बहुत अनोखा और आंखों को भाने वाला है...बहुत पसंद आया। यह पहली बार नहीं था कि न्यूजीलैंड ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा करने का अनोखा तरीका अपनाया। पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए, उन्होंने अपनी टीम की घोषणा करने के लिए खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों का उपयोग करने का निर्णय लिया। टी20 विश्व कप 2024 वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाला है। विलियमसन टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के लिए अपनी कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से शुरू करेंगे। टूर्नामेंट में कीवी टीम में काफी फेरबदल और कुछ बड़े बदलाव नजर आने वाले हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शानदार बल्लेबाजी करने वाले रचिन रवींद्र को भी जगह दी गई है। रचिन और मैट हेनरी पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में खेलेंगे।

**टी20 विश्व के लिए कीवी टीम**

केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउदी।

**ट्रैवलिंग रिजर्व**- बेन सियर्स

## थॉमस कप बैडमिंटन: भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश




**नई दिल्ली।** गत चैंपियन भारत ने सोमवार को ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड पर 5-0 की आसान जीत के साथ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) थॉमस कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम, अब अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में इंडोनेशिया से भिड़ेगी।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय महिलाओं ने भी लगातार दो जीत के साथ उबेर कप 2024 के अंतिम आठ में अपना स्थान पक्का कर लिया है और अपने आखिरी ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को चीन से भिड़ेंगी। पुरुषों के ग्रुप सी मुकाबले में दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर टीम को विजयी शुरुआत दी। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इसके बाद बेन लेन और सीन वेंडी की अंग्रेजी जोड़ी को एक घंटे और पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से शिकस्त दी और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। टीम प्रबंधन ने अगले एकल मुकाबले के लिए लक्ष्य सेन को आराम देने का फैसला किया, किदांबी श्रीकांत ने नदीम दल्वी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। इसके बाद एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने बीटी रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन की जोड़ी को 21-17, 21-19 से हराया और किरण जॉर्ज ने चोलन कायन को 21-18, 21-12 से हराकर भारत को 5-0 से जीत दिला दी। इसके साथ ही भारत ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## पतंजलि ऋषिकुल ने राष्ट्रीय युवा खेल में लहराया परचम

**प्रयागराज।** स्टेयर्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा खेल 2024 नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 27 से 29 अप्रैल के बीच आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व पतंजलि स्कूल की छात्र-छात्राओं ने बास्केटबॉल अंडर 14 में तथा टेबल टेनिस अंडर 12 में किया। इन दोनों खेलों में पतंजलि के बच्चों ने अपना परचम लहराते हुए उप्र राज्य का नाम रोशन किया।

यह जानकारी प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने सोमवार को देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय खेलों में विजयी टीमों ने अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए इस आयोजन में भाग लिया। टेबल टेनिस अंडर 12 एकल प्रतियोगिता में ऋषिकुल के अविरल सिंह ने फाइनल मैच में दिल्ली को हराकर जीत हासिल की और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर गर्ल्स बास्केटबॉल अंडर 14 में ऋषिकुल की छात्राएं कर्नाटक और दिल्ली की टीम को हराकर फाइनल्स में पहुंची तथा रनर अप रहते हुए रजत पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि पतंजलि ऋषिकुल की बास्केटबॉल गर्ल्स अंडर 14 टीम ने दिल्ली और कर्नाटक के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के साथ फाइनल मैच के लिए असाधारण प्रदर्शन किया। पतंजलि ऋषिकुल बास्केटबॉल ब्वॉयज टीम दिल्ली टीम को हराकर सेमीफाइनल तक पहुंची। उन्होंने दोनों टीमों की उपलब्धियों पर बधाई दिया। उन्होंने कहा कि अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के कुशल खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा से यूपी राज्य का प्रतिनिधित्व किया। यह छात्रों के अथक प्रयास, लगन, कुशल निर्देशन का परिणाम है। उपाध्यक्षा डॉ. कृष्णा गुप्ता ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव ही छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। विद्यालय निर्देशिका रेखा बैद गुप्ता एवं सचिव यशवर्धन ने अपने बधाई संदेश में प्रतिभाशाली छात्रों की सराहना करते हुए बताया कि खेल स्वास्थ्य एवं अनुशासन के लिए आवश्यक है।

## आईएसएल 2023-24: मोहन बागान सुपर जायंट फाइनल में, ओडिशा एफसी को दी शिकस्त




**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट की टीम ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के फाइनल में जगह बना ली है। मोहन बागान ने रविवार शाम साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में ओडिशा एफसी को 2-0 (कुल 3-2) के अंतर से हरा दिया, रोमांचक रहे पहले चरण में ओडिशा एफसी ने 2-1 से करीबी जीत हासिल की थी।

मोहन बागान सुपर जायंट की जीत में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जैसन कमिंग्स ने 22वें और स्थानापन्न अटैकिंग मिडफील्डर सहल अब्दुल समद ने 903 वें मिनट में गोल किए। विंगर मनवीर सिंह को निर्णायक गोल में सहायता प्रदान करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच का पहला गोल 22वें मिनट में आया, जब ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जैसन कमिंग्स ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 (2-2) कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने बॉक्स के बाहर से करारा शॉट लगाया, जिसे ओडिशा एफसी के गोलकीपर अमरिंदर सिंह ने ब्लॉक तो जरूर किया लेकिन गेंद रिबाउंड पर ज्यादा दूर नहीं गई और छिटककर छह गज के खतरनाक इलाके में ही रही, जहां पहुंचे कमिंग्स ने बाएं पैर से ग्राउंडेड शॉट लगाकर गेंद को बॉटम राइट कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया। यह इस सीजन में कमिंग्स का ग्यारहवां गोल है। इसके बाद मैच के स्टॉपेज टाइम (90 3) के दौरान स्थानापन्न अटैकिंग मिडफील्डर सहल अब्दुल समद ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को 2-0 (3-2) कर दिया। बाएं फ्लैंक से बॉक्स के अंदर घुसने के बाद मनवीर सिंह ने क्रॉस डाला, जिसे जिसे ओडिशा एफसी के गोलकीपर अमरिंदर सिंह ने ब्लॉक तो जरूर किया लेकिन गेंद रिबाउंड पर सहल के सिर से टकरा करके बाएं पोस्ट के करीब से गोल लाइन के पार चली गई। बता दें कि यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और मोहन बागान सुपर जायंट ने पांचवीं जीत हासिल की है जबकि ओडिशा एफसी ने केवल एक मैच जीता है। दोनों के बीच पांच मैच ड्रा रहे हैं। दोनों के बीच पहले सेमीफाइनल के पहले चरण में ओडिशा एफसी ने मोहन बागान सुपर जायंट पर 2-1 से रोमांचक जीत हासिल की थी, जो कि जगरनॉट्स की इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली आईएसएल जीत है।

## एक नजर

### मोदी जुमलेबाज और झूठ की गारंटी वाले सरकार के मुखिया: सोरेन

**गिरिडीह,एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला करते हुए आज कहा कि श्री मोदी जुमलेबाज और झूठ की गारंटी वाले सरकार के मुखिया है। मुख्यमंत्री ने गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर कल्पना सोरेन के द्वारा नामांकन किए जाने के बाद पपरवाटांड़ स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से भाजपा द्वारा 400 पार का नारा लगाया जा रहा था, लेकिन दो चरण के मतदान के बाद अब श्री मोदी और भाजपा का उत्साह ठंडा पड़ता जा रहा है। इनका बस चलता तो ये 543 सीट में जीत का दावा कर देते। लेकिन दो चरण के मतदान के बाद अब भाजपा जान चुकी है उनका क्या होने वाला है। श्री मोदी जुमलेबाज और झूठ की गारंटी वाले सरकार के मुखिया है। जनसभा को सम्बोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने अपने पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए कहा कि वह भाग्यशाली है कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू है। क्योंकि गिरिडीह की धरती से शिबू सोरेन ने जो आंदोलन शुरू किया था, वो एक एक झारखंडियों के अस्मिता और वजूद से जुड़ा हुआ था। हेमंत सोरेन राज्य के युवा नेता है और भाजपा ने उन्हें जेल भेज दिया। ये राज्य के युवा कभी भूल नहीं सकते है। वहीं, दिशोम गुरु शिबु सोरेन ने जनता से इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जनसभा को मंत्री बसंत सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। कल्पना सोरेने के अलावे गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो व कोडरमा प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में तीनों प्रत्याशियों के अलावे दिशोम गुरु शिबु सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री हफिजुल हसन, मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, पूर्व राज्य सभा सदस्य महुआ मांझी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित इंडिया गंठबंधन के कई नेताओं ने शिरकत की।

### मोदी की गारंटी देश में युवाओं के सुरक्षित भविष्य की गारंटी: तिलकराज

**शिमला,एजेंसी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलकराज शर्मा ने केन्द्र की भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन, महिला, युवा, किसान और गरीब कल्याण के 10 वर्षों की उपलिब्धियों तथा हिमाचल प्रदेश में जयराम सरकार के द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों एवं कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियां व 15 महीनों के कुप्रबधन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का सुरक्षित भविष्य मोदी की गारंटी हैं। श्री शर्मा ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि 2014 से पहले देश सिर्फ घोटालों के लिए जाना जाता था कभी 2-जी घोटाला, कभी कॉमनवेल्थ घोटाला, कभी बोफोर्स घोटाला तो कभी कोई अन्य घोटाला। लेकिन मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश की छवि को विश्व पट्टल पर चमकाने का काम किया हैं। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढती प्रमुख अर्थव्यवस्था हैं जो अगले तीन वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ कार्य किया हैं और इन वर्षों में जो काम हुए हैं वह कांग्रेस के कुल 60 वर्षों में नहीं हो पाए, चाहे हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे और पहाड़ी राज्य में एम्स अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, पीजीआई सेटलाईट, केन्द्रीय विश्वविधालय, हजारों करोड़ रूपये के टू-लेन और फोर-लेन हाईवे तथा सड़के इस बात के प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार ने प्रदेश के विकास यात्रा में 1000 से अधिक संस्थान खोले थे जोकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही उनके ऊपर ताले लगाने का काम किया। जयराम सरकार ने युवाओं के लिए स्वालबंन और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए तथा दूसरी तरफ कांग्रेस की सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली दिशाहीन सरकार ने युवाओं को पहली केबिनेट में 1 लाख, तथा 5 साल में 5 लाख रोजगार देने की झूठी गारंटी दी थी। प्रदेश के युवाओं को पिछले 15 महीनों में नए रोजगार तो नहीं मिले, लेकिन प्रदेश सरकार ने रोजगार भर्ती वाले संस्थान को बंद करके प्रदेश के शिक्षित युवाओं के साथ भद्दा मजाक किया है जिसके कारण आज प्रदेश का प्रत्येक अभिवावक एंव युवा निराश और हताश है तथा अपने भविष्य की चिंता को लेकर परेशान हैं।

## जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, आईआईटी दिल्ली पुस्तकालय और जेएनयू पुस्तकालय का दौरा किया

**सद्भावना टुडे,संवददाता**

**नई दिल्ली।** डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) द्वारा संचालित एमएलआईएससी, बीएलआईएससी, अभिलेखागार एवं पुस्तकालय से संबंधित परिरक्षण, संरक्षण तथा डिजिटलीकरण में पीजी डिप्लोमा कोर्स के छात्रों ने दिनांक 25 अप्रैल 2024 को भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार, आईआईटी दिल्ली पुस्तकालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय पुस्तकालय का दौरा किया। इस शैक्षिक दौरे का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न अभिलेखागारों एवं पुस्तकालयों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना, अभिलेखीय संरक्षण तकनीक संबंधी गहन प्रसंशा को जागृत करना और विद्वतापूर्ण संसाधनों को बढ़ावा देना है।

इस शैक्षिक दौरे का आयोजन के विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विकास एस. नगराले की अध्यक्षता में किया गया और इसका संयोजन डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शहबाज़ एच. नकवी, द्वारा किया गया। इस शैक्षिक दौरे में डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सुफियान अहमद और सूचना वैज्ञानिक श्री जोहान मोहम्मद मीर का सहयोग बना रहा। तीन संकाय सदस्यों - डॉ. उमैमा, डॉ. संदीप शर्मा एवं सुश्री शाज़िया अल्वी तथा दो सहायक स्टाफ सदस्यों ङ्क




श्री मोहम्मद अदनान और श्री रहमत खान इस दौरे में सत्तर छात्रों के साथ- साथ रहे। यह दौरा उन छात्रों हेतु समृद्ध अनुभव प्राप्त करने वाला साबित हुआ जो इस अवसर से अभिभूत थे, वह भी विशेष रूप से महामारी के रुकने के उपरांत जब शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम को पुनः शुरू किया गया है। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विकास एस. नगराले ने छात्रों हेतु इस शैक्षिक दौरे को आयोजित करने की अनुमति प्रदान करने के लिए जामिया के कार्यकारी कुलपति प्रो. इकबाल हुसैन, डॉ. जाकिर हुसैन पुस्तकालय के प्रभारी प्रोफेसर प्रो. तबरेज आलम खान और जामिया के कार्यकारी कुलसचिव श्री हदीस लारी के प्रति कृतज्ञता ज्ञपित की। छात्रों के उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया को देखते हुए, विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष ने भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने संबंधी अपना विचार व्यक्त किया।

## भाजपा धर्म व जाति की राजनीति करती है: शैलजा

**सिरसा,एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी शैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास मुद्दे नहीं है। भाजपा धर्म व जाति की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस की अपनी अलग विचारधारा है। सुश्री शैलजा ने कहा कि इस तरह की राजनीति इंतिहा हो गई है। झूठ की राजनीति के दिन लद गए हैं। आम नागरिक की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है। भाजपा बौखलाहट में है। देश के जीएसटी से त्रस्त लोगों की लड़ाई पार्टी के नेता राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे जी लड़ रहे हैं। आज सरकार का विकल्प कांग्रेस है। कुमारी शैलजा मंडी कालांवाली में अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान एक सभा व पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने कहा कि वह एक मई को सिरसा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगी। सभा को पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह, विधायक शमशेर सिंह गोगी,विधायक प्रदीप चौधरी,विधायक रेणु बाला, विधायक ज्योति चौधरी,पूर्व विधायक भारत सिंह बेनीवाल, आप नेता कुलदीप गदराना,संदीप नेहरा,विधायक शीशपाल व निर्मल मल्लडी सहित कई नेता मौजूद थे। अनुच्छेद 370 हटाने,राम मंदिर व कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में से मौजूदा चुनाव में कौन प्रभावी है के जवाब में सुश्री शैलजा ने कहा कि देश में न्याय की जीत हुई हैं भारत जोड़ो की जीत होगी। भाजपा देश व समाज को बांटने की बात कर रही है। भाजपा बताये कि पिछली गारंटियों का क्या हुआ? विभिन्न राज्यो में हुए कम मतदान पर अपनी प्रतिक्रिया में सुश्री शैलजा ने कहा कि लोगों में सरकार के प्रति उत्साह नही है। भाजपा का ग्राफ निरन्तर गिरता जा रहा है। हरियाणा में इंडिया समूह 10 सीटे जीतेगा। भाजपा आज मंगलसूत्र, भगवान के नाम पर गुमराह कर रही है। बेरोजगार, मंहगाई देश में बड़े मुद्दे हैं। देश का युवा रोजगार जबकि महिला मान सम्मान चाहती है। कुमारी शैलजा ने कहा कि मंदिर एक पार्टी का नही सबका है। अपनी आस्था की बात है। राम सबके है। उन्होंने कहा कि सिरसा से उनका नाता सियासत से ऊपर उठकर है। मेरी राजनीति की नींव सिरसा की जनता ने ही रखी।

## चुनाव हाथ से निकलता देख भाजपा नेताओं की बदली भाषा: अखिलेश

**लखनऊ,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह की जीत का दावा करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि चुनाव हाथ से निकलता देख भाजपा नेताओं की भाषा बदल गयी है। एटा, हाथरस एवं आगरा जिलों में गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि भाजपा चुनाव हार रही है। इंडिया गठबंधन जीत रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा के एनडीए पर भारी है। जबसे समाजवादी पार्टी ने पीडीए बनाया है, भाजपा घबराई हुई है। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, आधी आबादी और आदिवासी समाज एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट कर रहा है। जनता ने भाजपा को नकार दिया है।

उन्होंने एटा में सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य, हाथरस में जसवीर बाल्मीकि तथा आगरा में सुरेश चन्द्र कर्दम, फतेहपुर सीकरी के कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार उर्फ फौजी बाबा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुये उन्होने कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों, मजदूरों, गरीबों सभी के साथ विश्वासघात किया है। उन्हें धोखा दिया है। भाजपा समाजवादी पार्टी और विपक्षी दलों के खिलाफ झूठा प्रचार करती है। भाजपा ने देश के सारे भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। श्री यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। खेती का लागत मूल्य बढ़ गया, लेकिन फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। गेहूं की



सरकारी खरीद नहीं हो रही है। भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। किसान आंदोलन को बदनाम किया। भाजपा सरकार के दस साल के कार्यकाल में गरीबी और कर्ज से परेशान एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। इस सरकार ने पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। उन्होने कहा कि भाजपा के नेता महंगाई, बेरोजगारी और पेपरलीक से नौजवानों को हुए नुकसान की बात नहीं करते है। भाजपा सरकार ने दस साल में नौजवानों की नौकरियां छीनी है। नौकरी, रोजगार नहीं दिया। सिर्फ झूठे वादे किये। श्री यादव ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बनाए हुए संविधान को खत्म करना चाहती है। पिछड़ों, दलितों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है।

## पोरबंदर के निकट नाव से 60.5 करोड़ रुपये की हशीश जब्त, पांच गिरफ्तार

**पोरबंदर,एजेंसी।** गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस), भारतीय तट रक्षक बल और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) दिल्ली की टीम ने एक संयुक्त अभियान में राज्य के पोरबंदर तट के निकट भारतीय मछली पकड़ने वाली एक नाव से 173 किलोग्राम हशीश जब्त करके पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।




जब्त की गई हशीश की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 60.5 करोड़ रुपये है।एटीएस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की अधिसूचना के मुताबिक देश में 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू है। देश की सभी प्रवर्तन एजेंसियां मादक पदार्थों सहित प्रतिबंधित वस्तुओं को जब्त करने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं। इस दौरान एटीएस के पुलिस अधीक्षक के के पटेल को सूचना मिली थी कि महाराष्ट्र के मुंबई और बीड से तीन भारतीय कैलाश वैजीनाथ सनप, दत्ता सखाराम और मंगेश तुक्काराम उर्फ साहू समुद्र के रास्ते नशीले पदार्थों की तस्करी करने की कोशिश कर रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए उन्होंने एक स्थानीय व्यक्ति के नाम पर एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव किराए पर ली है, मछली पकड़ने के बहाने 22, 23 अप्रैल की मध्य रात को निकल गए हैं और 27, 28 अप्रैल को गुजरात तट पर लौट आएंगे जिसके बाद वे प्रतिबंधित नशीले पदार्थों को गुजरात तट से दूरदराज के इलाकों में पहुंचाने वाले हैं। सूचना के आधार पर एटीएस गुजरात के पीएसआई एच डी वाढेर के नेतृत्व में एटीएस गुजरात और भारतीय तटरक्षक बल का संयुक्त अभियान पोरबंदर से आईसीजीएस के 'सजग' में शुरू किया गया। भारतीय तटरक्षक बल और एटीएस गुजरात की एक टीम ने 28 अप्रैल को लगभग 1200 बजे आईएफबी की पहचान की और उसके अंदर तलाशी ली, जिसके दौरान मंगेश उर्फ साहू पुत्र तुकाराम अरोटे और तथा हरिदास उर्फ पुरी पुत्र रामनाथ कुलाल के कब्जे से नाव में 173 पैकेट में कुल 173 किलोग्राम हशीश मिली जिसे जब्त कर लिया गया। इस दौरान एटीएस तकनीकी निगरानी के आधार पर गुजरात के पीआई वी एन वाघेला, जास्मिन पी रोजिया, बी एच कोरोट और पीएसआई वी एन भरवाड, बी डी वाघेला और ए डी परमार की टीम ने तीन लोगों कैलाश वैजीनाथ सनप (34), शिरूर, बीड, महाराष्ट्र को पुणे, महाराष्ट्र से, दत्ता सखाराम अंधाले (57) अंचले चाल, शिव कॉलोनी, सी-48, समोर, उल्हासनगर, महाराष्ट्र के को देवभूमि द्वारका से और अली असगर हेलपोत्रा उर्फ आरिफ बिडाणा को मांडवी, कच्छ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वे पाकिस्तान स्थित ड्रग सिंडिकेट के संपर्क में थे। कैलाश वैजनाथ सनप, दत्ता सखाराम और मंगेश तुकाराम उर्फ साहू पाकिस्तान से हशीश की डिलीवरी लेने के लिए द्वारका और मांडवी आए थे और स्थानीय नाव मालिकों के संपर्क में आए थे। अपने नाम पर नाव की व्यवस्था करने में असमर्थ होने पर, उन्होंने देवभूमि द्वारका के सलाया के एक स्थानीय व्यक्ति से नाव किराए पर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22, 23 अप्रैल की रात को मछली पकड़ने के बहाने मंगेश तुकाराम उर्फ साहू और हरिदास रामनाथ नाव के चालक दल को समुद्र में ले गए, जिसके बाद उन्होंने चालक दल के सदस्यों और टंडेल पर पूरा नियंत्रण कर लिया और फिर उन्हें पाकिस्तान के पशनी के पास एक पूर्व निर्धारित स्थान पर नाव को ले गए।। आरोपी मंगेश तुकाराम उर्फ साहू थुराया सैटेलाइट फोन के माध्यम से कैलाश वैजीनाथ सनप के लगातार संपर्क में था और उसके निर्देशों के अनुसार काम करता था। 27 अप्रैल की सुबह उन्होंने पाकिस्तान के पशनी से 110 समुद्री मील दूर एक स्थान पर पाकिस्तानी स्पीड बोट से डीजल और राशन के साथ हशीश की डिलीवरी ली। डिलीवरी लेने के बाद वे द्वारका से 60 समुद्री मील दूर पूर्व निर्धारित स्थान पर लौट रहे थे। उनकी योजना के अनुसार, कैलाश सानपे ने दत्ता सखाराम को इस स्थान पर एक छोटी नाव ले जाने, प्रतिबंधित दवा की डिलीवरी लेने और इसे द्वारका के तट पर एक सुनसान जगह पर ले जाने का निर्देश दिया। कैलाश वैजीनाथ सनप द्वारा भेजी गई कंसाइनमेंट का अंतिम रिसीवर इस स्थान से प्रतिबंधित मादक पदार्थ की डिलीवरी लेने वाला था।

## बंगाल की जनता मोदी को देगी बंपर जीत का तोहफा: भजनलाल शर्मा

**कोलकाता,एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को यहां श्रीरामपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार कबीर शंकर बोस के समर्थन में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता श्री बोस के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बंपर जीत का तोहफा देगी। श्री शर्मा ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता देश के विकास के लिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी और राजस्थान की तरह बंगाल भी श्री मोदी जी को बंपर जीत का तोहफा देगा।

श्री शर्मा ने श्रीरामपुर में पार्टी प्रत्याशी श्री बोस के समर्थन में मारवाड़ी समाज एवं उद्योगपतियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदला है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विगत वर्षों में अनुच्छे 370 हटाने, अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण जैसे कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में देश के किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए जितना कार्य किया है, आज तक किसी ने भी नहीं किया। हम सब को तीसरी बार भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाकर मोदीजी को फिर प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि गरीब कल्याण की योजनाओं का विस्तार हो तथा देश प्रगति के पथ पर और



तेजी से अग्रसर हो। श्री शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज पूरा देश भाजपा कार्यकर्ता की तरफ देख रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर श्री मोदी द्वारा चलायी गई जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि इस चुनाव में हमारा ''अबकी बार 400 पार'' का संकल्प साकार हो सके। उन्होंने श्रीरामपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल मां काली की धरती है। यहां की माताएं-बहनें ठान लेती है तो दुनिया की कोई ताकत उन्हें नहीं रोक सकती। उन्होंने उम्मीद जतायी कि चार जून को पश्चिम बंगाल के नतीजे भाजपा के पक्ष में होंगे और पार्टी को यहां 35 से अधिक सीटें मिलेंगी। श्री शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। उनके इस सपने को साकार करने के लिए हम सब को एकजुट होकर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि हमारा हर एक वोट प्रधानमंत्री मोदी को जाना चाहिए। उनके नेतृत्व में देश और तेजी से आगे बढ़ेगा तथा दुनिया में भारत का नाम रोशन होगा।

## केरल के पूर्णमिकवु मंदिर में संगमरमर की देवी काली की 18.5 फुट ऊंची मूर्ति होगी स्थापित

**जयपुर,एजेंसी।** संगमरमर के एक ही पत्थर से तराशी गई देवी काली की 18.5 फुट ऊंची मूर्ति को सोमवार राजधानी जयपुर से केरल के पूर्णमिकवु मंदिर के लिए रवाना किया गया। मंदिर के मुख्य क्यूरेटर, एम एस भुवनचंद्रन के अनुसार संगमरमर के एक ही पत्थर से तराशी गई देवी काली की यह मूर्ति दुनियां की सबसे बड़ी देवी काली की मूर्ति हैं जो 18.5 फुट ऊंची हैं। इसकी आधार सहित ऊंचाई 23 फुट है। इसे सोमवार को जयपुर में पूजा करने के बाद केरल के लिए रवाना किया गया जिसे केरल के तिरुवनंतपुरम के वेंगानूर के चावड़ी नाडा में पूर्णमिकवु मंदिर में स्थापित किया जायेगा।



श्री भुवनचंद्रन ने कहा कि मंदिर में देवी काली की मूर्ति और देवी दुर्गा और लक्ष्मी की स्थापना समारोह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समान होगा। इस मूर्ति को जयपुर के मूर्तिकार मुकेश भारद्वाज ने तराशा हैं। राजस्थान के भैंसलाना से 30 गुणा 20 फुट एवं 45-50 टन वजनी संगमरमर पत्थर को तराश कर यह देवी काली की मूर्ति बनाई गई हैं। यह देवी काली की मूर्ति देवी बाला त्रिपुरा सुंदरी देवी को समर्पित मंदिर की भक्तों के बीच सदियों पुरानी श्रद्धा को और बढ़ाएंगी। इस देवी काली की मूर्ति के साथ इसके संबंधित वाहन शेर, बाघ, मोर, हंस की मूर्तियाँ भी भेजी गई हैं। दुनिया की सबसे बड़ी पंचमुखी गणेश मूर्ति और 51 अक्षर देवताओं के आवास के लिए प्रसिद्ध, पूर्णमिकवु मंदिर भारत में एकमात्र तीर्थस्थल है जो अक्षरों का प्रतिनिधित्व करने वाली देवियों को समर्पित है। प्रत्येक अक्षर अपनी-अपनी देवी से जुड़ा हुआ है, जो भक्तों को शैक्षिक और करियर में उन्नति के लिए आशीर्वाद लेने का अवसर प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि हाल में मंदिर में 17 फुट की शनि भगवान की मूर्ति स्थापित की गई थी जो भारत में अपनी तरह की दूसरी मूर्ति बताई जा रही है। इस अवसर अवसर पर गुजरात के द्वारका, महाराज मुरली मंदिर के जगद्गुरु सूर्याचार्य कृष्णदेवानंद गिरि ने कहा कि राजस्थान के संगमरमर को सदियों पुराने तीर्थस्थलों में जगह मिली है.. चाहे वह अयोध्या, उज्जैन, महेश्वर, धार, हरिद्वार, वाराणसी आदि।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा (यूपी), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। (संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी)